सुप्रभात
शनिवार 28.09.2024
धनबाद, वर्ष 01, अंक 161
epaper.khabarmantra.net
धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक
# खबर मन्त्र
धनबाद और रांची से एक साथ प्रकाशित
सबकी बात सबके साथ



## स्पीड न्यूज

### पूर्व डिप्टी मेयर नीरज सिंह हत्याकांड

■ रिंकू सिंह पर जारी वारंट की तामिला रिपोर्ट तलब

**धनबाद ।** पूर्व डिप्टी मेयर नीरज सिंह सहित चार लोगों की हत्या मे शूटर सप्लाई करने के आरोपी मुन्ना बजरंगी का खास रिंकू सिंह उर्फ विकास सिंह उर्फ धर्मेन्द्र सिंह को अदालत ने गिरफ्तार करने के लिए जारी किए गए वारंट पर सहायक लोक अभियोजक उमेश दीक्षित के निवेदन पर पुलिस से तामिला रिपोर्ट तलब की है ।रिंकू सिंह जमानत पर जेल से 23 जनवरी 23 को बाहर निकला था । जमानत मिलने के बाद से रिंकू सिंह लगातार अदालत के निर्धारित तारीखों पर हाजिर नहीं हो रहा था जिस कारण अदालत ने 21 दिसंबर 23रिंकू सिंह का बंध पत्र खारिज करते हुए उसे गिरफ्तार करने का आदेश दिया था।

### सांसद ढुल्लू महतो के मामले में बहस का आदेश

**धनबाद।** नाजायज मजमा बनाकर गाली गलौज मारपीट करने व ओरिएंटल स्ट्रक्चरल इंजीनियर्स प्राइवेट लिमिटेड के मैनेजर मुकेश चंदानी को धनबाद परिसदन बुलाकर धमकी देने व रंगदारी मांगने के मामले में धनबाद भाजपा सांसद ढुल्लू महतो अदालत में शुक्रवार को हाजिर नहीं हुए। एमपी एमएलए कोर्ट के विशेष न्यायिक दंडाधिकारी अर्पिता नारायण की अदालत ने उभय पक्ष के निवेदन पर सुनवाई के लिए चार अक्टूबर 24 की तारीख निर्धारित की है। 24 सितंबर को सांसद ढुल्लू महतो का बयान दर्ज होने के तुरंत बाद सहायक लोक अभियोजक उमेश दीक्षित ने अदालत में आवेदन दायर कर कैसे को रिओपन करने की प्रार्थना की थी जिस पर अदालत नै बचाव पक्ष से जवाब मांगा था।

### दुर्गा पूजा को लेकर धनबाद थाना में शांति समिति की बैठक

**धनबाद।** सदर थाना क्षेत्र में शांतिपूर्ण ढंग से दुर्गा पूजा मनाने को लेकर सदर पुलिस और शांति समिति के सदस्यों के साथ बैठकहुई। बैठक के दौरान डीजे पर पाबंदी के साथ साथ थाना क्षेत्र में बड़े पूजा पंडालों में विशेष सुरक्षा और सीसीटीवी लगाने पर भी बात की गई ।वही विजया दशमी को प्रतिमा विसर्जन की बात पर सहमती बनी. पीपूर्व पार्षद अशोक पाल समेत लोगों ने पूजा के दौरान ज्यादा से ज्यादा ट्रैफिक जवानों की तैनाती की मांग की गई ।वही थाना प्रभारी आर एन ढाकुर ने कहा कि प्रशासन की बातों से पूजा समिति सहमत है। थाना प्रभारी ने सभी समितियों से पहचान पत्र युक्त वोलेंटियर और सभी पंडालों में सीसीटीवी कैमरा लगाने का आग्रह किया।

### सिंदरी के टाप एन सिटी आइस्क्रीम फैक्ट्री पर बिजली विभाग का छापा

**सिंदरी।** शहरपुरा बाजार स्थित मनोज चौरसिया के टाप एन सिटी आइस्क्रीम फैक्ट्री पर बिजली विभाग की रांची टीम ने छापेमारी कर बिजली चोरी का पदार्फाश किया है। झारखंड राज्य विद्युत वितरण निगम लिमिटेड के झरिया मुकुंदा एसडीओ सुजीत कुमार सिंह ने बताया कि आइस्क्रीम फैक्ट्री में तीन फेज का लाईन लिया था। संचालक एक फेज को बाईपास कर चोरी से बिजली का उपयोग कर रहा था। बिजली विभाग ने मीटर में छेड़छाड़ को भी पकड़ा। रांची की छापेमार दल ने मनोज चौरसिया पर बिजली के चोरी के एवज में 9 लाख 2 हजार 290 रुपए जुमार्ना किया है और इस संबंध मे सिंदरी थाना में मनोज चौरसिया के खिलाफ लिखित शिकायत की है।

# बैंक से रुपये लेकर निकलते ही कंट्रैक्टर से पांच लाख की लूट

### अज्ञात बाइक सवार लुटेरों ने दिया घटना को अंजाम



खबर मंत्र संवाददाता

**धनबाद।** कोयलांचल मुख्यालय में अति व्यस्त रहने वाले सिटी सेंटर जैसे पाश इलाके में बैंक से निकलते ही पांच लाख की लूट की घटना ने शहर का थर्रा दिया। बाइक सवार अज्ञात अपराधियों ने शुक्रवार को धनबाद में दिनदहाड़े बीच सड़क पर लूट की बड़ी घटना को अंजाम देकर आराम से चलते बने। अपराधियों ने पांच लाख नकदी समेत अन्य सामान लूट लिया। फिलहाल पुलिस सीसीटीवी फुटेज के सहारे अपराधियों की पहचान करने में जुटी है। घटना के संबंध में बताया जा रहा है कि धनबाद सदर थाना क्षेत्र स्थित सिटी सेंटर के समीप स्थित आईसीआईसीआई बैंक से 5 लाख रुपये नकद निकाल कर पीड़ित विनय कुमार बर्मन जो पेशे से कॉन्ट्रेक्टर हैं सड़क पर पहुंचे ही थे कि पहले से घात लगाए बाइक सवार दो अपराधी उनका रुपयों से भरा बैग छीन कर उड़न छू हो गए। पीड़ित ने बताया कि उनके पास लैपटॉप था और उसी बैग में उन्होंने बैंक से निकाले गए 5 लाख नकद और चेक बुक रखा था, जिसे लुटेरे लूट कर फरार हो गए। घटना की सूचना पर मौके पर पहुचें डीएसपी (लॉ एंड ऑर्डर) दीपक कुमार ने बताया कि इस स्थान पर पहले भी अज्ञात बदमाशों द्वारा इस तरह की लूट की घटना को अंजाम दिया गया था। फिलहाल यहाँ आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज को खंगाला जा रहा है। जल्द ही उन अपराधियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा ।ज्ञातव्य है कि सिटी सेंटर के आसपास कई बैंकों की शाखाएं और एटीएम सेंटर हैं।

### बराकर इंजीनियरिंग में 4 लाख की केबल लूट, चार गार्ड घायल, दो की स्थिति गंभीर

**मैथन।** निरसा थाना क्षेत्र के बराकर इंजीनियरिंग एंड फाउंड्री वर्क्स शॉप में केबल लुटेरों के गिरोह ने गुरुवार रात धावा बोलकर लूट की घटनां को अंजाम दिया। लुटेरों ने डियूटी पर तैनात चार गार्ड को घायल कर चार लाख का केबल लूट लिया। घायलों गार्डो को ईसीएल मुख्यालय अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जिसमें दो की हालत गम्भीर बताई गई है। घटना के संबंध में बताया जाता है कि हथियारों से लैस 30-35 की संख्या में आये केबल लुटेरों ने बीती रात बराकर इंजीनियरिंग एंड फाउंड्री वर्क्स शॉप के पीछे से दीवाल में सेंधमारी कर भीतर घुस आए और डियूटी पर तैनात गार्डों को अपने कब्जे में ले लिया। सिक्योरिटी हवलदार राणा प्रताप सिंह व अनूप चक्रवर्ती, सिक्योरिटी गार्ड गौतम धीवर व मैनेजर हंसदा को मारपीट कर घायल कर दिया। जिसमें दो की हालत चिंताजनक बताई जाती है। गम्भीर रूप से घायल गौतम धीवर एवं मैनेजर हंसदा का सर फट गया.श। चारों घायलों को ईसीएल मुख्यालय सकतोड़ियां अस्पताल में भर्ती कराया गया है। कोलियरी के इंजीनियरिंग विभाग के अधिकारी ने बताया कि 8 सौ फीट केबल की लूट हुई है, जिसकी कीमत करीब चार लाख रूपए बताई है। वहीं ईसीएल मुगमा एरिया के सिक्योरिटी गार्डों ने 27 नंबर जंगलों में कुछ केबल प्राप्त किया है। पुलिस जांच में जुट गई है।

## एग्यारकुंड प्रखंड में 61 छात्रों के बीच साइकिल का वितरण



खबर मंत्र संवाददाता

**मैथन।** एग्यारकुण्ड प्रखंड कार्यालय में शुक्रवार को कक्षा आठ 61 छात्रों को निःशुल्क साइकिल वितरण योजना के साईकिल वितरण किया गया। साईकिल वितरण प्रखंड प्रमुख संगीता महतो, प्रखंड विकास पदाधिकारी मधु कुमारी, उप प्रमुख विनोद दास, प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी सपन कुमार मंडल द्वारा संयुक्त रूप से किया। मौके पर प्रखंड प्रमुख संगीता महतो ने कहा कि सरकारी विद्यालयों में सभी कोटि के निर्धन छात्राएं अध्ययनरत हैं, अतः सभी बच्चों को उच्च शिक्षा हेतु साइकिल दिया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि स्व घोषणा पत्र के आधार पर अल्पसंख्यक बालक बालिका को साइकिल दिए जाने का प्रावधान है, जबकि अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, पिछड़ी जाति के छात्राओं के लिए जाति प्रमाण पत्र का प्रावधान है, जाति प्रमाण पत्र उपलब्ध नहीं होने के कारण अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, पिछड़ी जाति के अनेक बच्चें साइकिल की सुविधा से वंचित हो रहे हैं उन्हें साइकिल की सुविधा मुहैया कराना चाहिए। मौके पर पंचायत समिति सदस्य रंजन सिंह, शिक्षक नेता प्रमोद कुमार झा, रहमान अंसारी, शिवसागर, कन्हैया सिंह, राजीव रंजन मिश्रा, शमशेर अंसारी, ख्वाजाउद्दीन अंसारी, बसंती मरांडी, लिपिका दास, कालीचरण कुमार, संदीप सिंहा, उत्तम घाटी आदि मौजूद थे।

## डीसी-एसएसपी ने किया कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण

### झारखंड स्किल कांक्लेव 2024



खबर मंत्र संवाददाता

**धनबाद।** आगामी 30 सितंबर को झारखंड स्किल कांक्लेव 2024 में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन सहित कई मंत्रियों के आगमन को लेकर प्रशासनिक तैयारी जोरों पर है। बलियापुर में आयोजित इस कार्यक्रम को लेकर उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी सुश्री माधवी मिश्रा, वरीय पुलिस अधीक्षक श्री हदीप पी जनार्दन सहित अन्य प्रशासनिक व पुलिस पदाधिकारियों ने शुक्रवार की देर शाम बलियापुर हवाई पट्टी स्थित कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण किया ।निरीक्षण के दौरान हेलीपैड से कार्यक्रम स्थल तक एप्रोच रोड, वीवीआइपी व वीआइपी वाहनों की पार्किंग, बस पार्किंग, लाभुक व आमजनों के बैठने की व्यवस्था, वॉर रूम, लंच स्पेस, माननीय मुख्यमंत्री के लिए रेस्ट रूम, पेवेलियन, पगोड़ा, स्टॉल, योजनाओं के उद्घाटन व शिलान्यास का शिलापट्ट, बंटिंग व ब्रैंडिंग, कार्यक्रम स्थल की साफ सफाई, सुरक्षा, स्टेज, पेयजल सहित अन्य व्यवस्थाओं को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

**मौके पर थे मौजूद**

निरीक्षण के दौरान उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी सुश्री माधवी मिश्रा व एसएसपी श्री हदीप पी जनार्दनन के साथ नगर आयुक्त श्री रविराज शर्मा, सिटी एसपी श्री अजीत कुमार, एडीएम लॉ एंड ऑर्डर श्री पीयूष कुमार, एसडीओ श्री राजेश कुमार, श्रम अधिक्षक श्री प्रवीण कुमार, जिला नियोजन पदाधिकारी श्री आनंद कुमार, बीडीओ बलियापुर श्री राजेश सिन्हा, सीओ श्री सुदीप एक्का, थाना प्रभारी बलियापुर श्री आशिष भारती, डीएसपी ट्रैफिक श्री अरविंद सिंह, कार्यपालक अभियंता भवन प्रमंडल श्री चंदन कुमार, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी श्री सुनील कुमार सिंह सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद थे।

### रंजय हत्याकांड में जप्त वस्तुओं को नहीं किया पेश

**धनबाद।** विधायक संजीव के करीबी रंजय सिंह ऊर्फ रवि रंजन सिंह की हत्या के मुकदमे में शुक्रवार को जिला एवं सत्र न्यायाधिश डी सी अवस्थी की अदालत मे अभियोजन ने जप्त वस्तुओं को पेश नही किया। अदालत ने सहायक लोक अभियोजक उमेश दीक्षित को पुलिस द्वारा जप्त किए गए वस्तुओं, खून लगा कपड़ा, गोली का खोखा, को पेश करने का आदेश माल खाना प्रभारी को दिया है। सुनवाई के दौरान जेल मे बंद आरा बेरथ निवासी नंद कुमार सिंह उर्फ बबलू उर्फ रूना सिंह उर्फ मामा को रांची के होटवार जेल से वीसीएस के द्वारा पेश किया गया । वहीं जमानत पर मुक्त हर्ष सिंह आज हाजिर नहीं थे ।

### लाभुकों में प्रमाण पत्र का वितरण

**कुमारधुबी।** दीन दयाल अंत्योदय योजना राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन के तहत स्वयं सहायता समूह के क्रेडिट लिंकेज तथा सेल्फ एंप्लॉयमेंट प्रोग्राम के तहत ऋण प्राप्त लाभार्थियों के बीच को कौशल प्रशिक्षण कार्यक्रम कराया गया क शुक्रवार को कार्यपालक पदाधिकारी बिजय कुमार हांसदा ने सभी 41 लाभुको को प्रशिक्षण संबंधी प्रमाणझपत्र वितरित किया क उन्होंने कहा कि सभी दीदी बैंक से ऋण प्राप्त करने के पश्चात अपने-अपने व्यापार में पैसे का उपयोग करें एवं अपने व्यापार को बढ़ाते हुए ऋण चुकाएं। नगर परिषद परिवार दीदियों की मदद के लिए हमेशा तत्पर है।

## राजपुर में ओबी का पहाड़ गिरा, तीन जखमी

### आफत की बारिश ने हड़कंप मचाया





खबर मंत्र संवाददाता

**धनबाद।** कोयलांचल में पिछले तीन दिनों से लगातार हो रही बारिश ने फायर एरिया में रह रहे लोगों की मुश्किलें बढ़ा दी है। शुक्रवार को बीसीसीएल के बस्ताकोला क्षेत्र के राजापुर प्रोजेक्ट में ओबी (ओवरबर्डन) का पहाड़ ढ़हने से तीन लोग घायल हो गये। तीनों जख्मी को स्थानीय लोगों की मदद से एसएनएमएमसीएच में भर्ती कराया गया। इस प्रोजेक्ट के समीप रहने वाली महिलाओं ने बताया कि हमारे घर के चारों ओर खुली खदाने है। जमीन के अंदर आग भी है। यहां अक्सर खतरा बना रहता है। बारिश में तो डर ओर भी बढ़ जाता है। आज सुबह करीब चाढ़े चार, पांच बजे के करीब बारिश के कारण ओबी का पहाड़ जोरदार आवाज के साथ ढ़ह गया। काफी मात्रा में धूल और धुंआ उठा है। ऐसा लगा कि ज्वालामुखी फटा हो। बारिश के कारण पहले से पहाड़ के नीचे से पानी रिसाव हो रहा था। यह पानी रास्ते में जमा हो रहा था, जिससे रास्ता भी जर्जर हो चुका है। इसी रास्ते से बीसीसीएल के बड़े बड़े वाहन गुजरते है। घटना के दौरान पहाड़ के नीचे कुछ लोग काम कर रहे थे, वहीं लोग भागने के क्रम में जख्मी हुए हैं ये लोग कोयला चोरी कर रहे थे या बीसीसीएल के कर्मी थे, इसकी जानकारी हमलोग को नहीं है। हमलोग गरीब लोग है, कहीं ठीकाना नहीं है, इसलिए सबकुछ जानते हुए भी यहां रहते है। घटना की सूचना मिलने के बाद बीसीसीएल के अधिकारियों ने उक्त स्थल का जायजा लिया। अधिकारियों ने बताया कि यहां अभी प्रोडक्शन नहीं हो रहा है।

## हार्डकोक उद्योग की बंदी के लिए राज्य सरकार जिम्मेवार

### इंडस्ट्रीज एंड कॉमर्स एसोसिएशन की 91वीं वार्षिक आमसभा

- एसोसिएशन ने व्यवसायियों की समस्याओं से कराया अवगत
- शासन के सरंक्षण में हो रही है कोयले की चोरी




खबर मंत्र संवाददाता

**धनबाद।** इंडस्ट्रीज एंड कॉमर्स एसोसिएशन का 91 वीं वार्षिक आम सभा शुक्रवार को जोड़ाफाटक रोड स्थित एसोसिएशन के सभागार में आयोजित की गई। कार्यक्रम में उपस्थित विधायक राज सिन्हा ने जिले में हार्डकोक उद्योग पर चिंता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि पर्याप्त कोयला नहीं मिलने के कारण यह उद्योग बंदी के कगार पर पहुंच गया है। वहीं दूसरी ओर अनआगेनाइज्ड तरीके से यहां कोयले का कारोबार खूब फल फूल रहा है। कोयला चोरी का सबसे आसान माध्यम साईकल और बाईक है, जिसमें ना लाईसेंस की जरूरत पड़ती है और ना ही पुलिस से कोई परेशानी होती है। यह सबकुछ राज्य सरकार के सरंक्षण में हो रहा है। राज्य में वैसी जगह जहां पर भाजपा का जनाधार है वहां राज्य सरकार माहौल बिगड़ने का काम कर रही है। उसके संरक्षण में अपराध फलफूल रहा है। आज कोयला, बालू , तेल, लोहा चोरी धड़ल्ले के साथ हो रहा है। इसमें अपराधियों की पूरी टीम काम कर रही है। उन्होंने कहा जल्द ही कोयला राज्य मंत्री से बात कर दिल्ली में हार्डकोक उद्योग के प्रतिनिधिमंडल की बैठक करायी जायेगी। ताकि व्यवसायियों को उचित दाम और प्रचुर मात्रा में कोयला उपलब्ध हो सके।

पूर्व सांसद पीएन सिंह से जब व्यवसायियों ने एयरपोर्ट पर सवाल पूछा तो उन्होंने इसका ठीकरा राज्य सरकार पर फोड़ते हुए कहा की चाहे रेलवे लाइन बिछाना हो या हवाई अड्डा, जमीन राज्य सरकार को ही देनी पड़ती है। लेकिन मेरे उपर आरोप लगता है कि सांसद रहते हुए मैंने कुछ नहीं किया, एक एयरपोर्ट भी नहीं दिला सके। मीडिया ने मुझे ही बलि का बकरा बनाया। सच्चाई से आपलोगों को अवगत करा चुका हूं, इसमें मेरा कोई दोष नहीं है। वहीं एसोसिएशन के अध्यक्ष बीएन सिंह ने हार्डकोक उद्योग की समस्याओं, राज्य की कानून व्यवस्था, आधारभूत संरचना और बिजली की समस्या को रखा। उन्होंने कहा कि यही कारण है कि यह उद्योग धंधे फल फूल नहीं पा रहे हैं। वरीय उपाध्यक्ष एसके सिन्हा उर्फ पलटन बाबू ने धन्यवाद ज्ञापन किया।

## एक नजर में

### डीसी ने आमलोगों की सुनीं फरियाद



धनबाद। डीसी माधवी मिश्रा ने शुक्रवार को कार्यालय कक्ष में जनता दरबार लगाया। जिले के विभिन्न स्थानों से आये लोगों की फरियाद सुनी। लोगों ने पेंशन, अनुकंपा में बहाली, जमीन विवाद संबंधी, पारिवारिक विवाद, ऑनलाइन रसीद, मुआवजा, सड़क निर्माण, रोजगार, आर्म लाइसेंस, अवैध कब्जा, साइबर क्राइम, जाति प्रमाण पत्र, तथा मुखिया से जुड़ी शिकायत रखी। डीसी ने उक्त सभी मामलों का जल्द से जल्द जाँच कराकर उचित समाधान करने की बात कही।

### नये एडीएम लॉ एंड आर्डर ने लिया पदभार



**धनबाद।** समाहरणालय में शुक्रवार को नये एडीएम लॉ एंड आर्डर पीयूष सिन्हा ने पदभार ग्रहण किया। निवर्तमान एडीएम लॉ एंड आर्डर हेमा प्रसाद ने पुष्पगुच्छ देकर उनका स्वागत किया। मौके पर एडीएम लॉ एंड ऑर्डर कार्यालय के सभी कर्मचारी मौजूद रहे।

### भारतीय रेड क्रॉस समिति ने नये एसडीएम का किया स्वागत



**धनबाद।** भारतीय रेडक्रास समिति के पदेन उपाध्यक्ष सह एसडीएम राजेश कुमार का उनके कार्यालय कक्ष में शुक्रवार को कार्यकारिणी समिति ने स्वागत किया। समिति ने उनसे पूर्ण सहयोग कि मांग की। जिस पर उपाध्यक्ष ने सहयोग का आश्वासन दिया। ज्ञात हो कि पूर्व एसडीएम उदय रजक के स्थान पर कुछ दिन पूर्व ही नये एसडीएम ने पदभार लिया है। मौके पर समिति के कार्यकारिणी अध्यक्ष कौशलेंद्र कुमार सिंह,उपाध्यक्ष धनेश्वर महतो, संयुक्त सचिव दिलीप सिंह एवं कार्यकारिणी सदस्य सह सलाहकार कार्यकारिणी अध्यक्ष कुमार मधुरेन्द्र सिंह,कोषाध्यक्ष श्वेतांबर पाठक उपस्थित थे।

### चिराग पासवान 29 को धनबाद में आयेंगे

**स्वागत की तैयारी में जुटे कार्यकर्ता**

**सिंदरी।** लोजपा (रामविलास) पार्टी के युवा मोर्चा द्वारा राष्ट्रीय अध्यक्ष सह केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान का 29 सितंबर को धनबाद आगमन के दौरान जोरदार स्वागत की तैयारी की गई है। इसकी जानकारी देते हुए लोजपा द्वारा रोहडाबांध कार्यालय में आयोजित प्रेस वार्ता की गई। युवा लोजपा के प्रदेश अध्यक्ष शैलेंद्र द्विवेदी ने बताया कि लोजपा (रामविलास) के राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान केंद्रीय मंत्री बनने के बाद पहली बार धनबाद आ रहे हैं। लोजपा और इसके युवा प्रकोष्ठ ने उनके स्वागत की जोरदार तैयारी की है। उन्होंने बताया कि सिंदरी खाद कारखाना के बंद होने के बाद हर्ल प्रोजेक्ट का निर्माण में स्व रामविलास पासवान की महत्वपूर्ण योगदान रहा था। केन्द्रीय मंत्री के स्वागत के लिए पूरे जिले के लोगों से अपील किया गया है कि वे ज्यादा से ज्यादा संख्या में जुटे। प्रेसवार्ता में युवा प्रकोष्ठ के प्रदेश सचिव रविंद्र प्रसाद, जिला अध्यक्ष जितेंद्र शर्मा, रुदल पासवान, भोला पासवान, राजन कुमार, उमेश ठाकुर उपस्थित थे।

# उत्क्रमित मध्य विधालय सियारी में स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम के तहत स्वच्छता प्रतियोगिता का आयोजन




खबर मन्त्र संवाददाता

**बेरमो/ललपनिया।** ओएनजीसी सीबीएम परिसम्पति बोकारो के स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम के तहत बोकारो जिला के गोमिया प्रखण्ड के सियारी पंचायत के उत्क्रमित मध्य विधालय सियारी में स्वच्छताही सेवा 24 कार्यक्रम तहत स्वच्छता प्रतियोगिता का आयोजन सर्वोदय महिला विकास केन्द्र के द्वारा किया गया। जिसमे विधालय के छात्रों को सर्वप्रथम तो संस्था के द्वारा प्रेरित कियागया की ओएनजीसीसीबीएम परिसम्पति बोकारो के वित्तीय सहयोग से आज कार्यक्रमका आयोजन किया गया है और छात्रों को जानकारी दी गयी की स्वभाव स्वच्छता, संस्कार स्वच्छता मानव जीवन के लिए अनमोल है, जिससे एक स्वच्छ जीवनके संचालन होता है एवं मानव शरीर स्वस्थ्य रहने के साथ-साथ एक स्वच्छ वातावरण का भी निर्माण होता है जो हमसबो केलिए बहुत ही आवश्यक है। आयोजित प्रतियोगिता में विधालय के छात्रों के द्वारा स्वच्छता प्रतियोगिता के तहत पेंटिंग, ड्राइंग के माध्यम से स्वच्छता को दर्शाते हुए अनेको प्रकार के चित्र बनाए। इस आयोजित प्रतियोगिता में पेंटिंग एवं ड्राइंग में सबसे बेहतर प्रदर्शन करने वाले छात्रों में से विधालय प्रबंधन समिति के द्वारा पांच छात्रों का चयन किया गया जिन्हे पुरष्कार देकर सम्मानित किया गया। इसके साथ शेष सभी छात्रों को भी सांत्वाना पुरष्कार के रूप में ज्योमेट्री बॉक्स प्रदान किया गया। यहां इस कार्यक्रम को अपने सम्बोधन में विधालय के प्रधानाध्यापक एस के सिंहा ने कहा ओएनजीसी सीबीएम परिसम्पति बोकारो के स्वच्छता ही सेवा 2024 कार्यक्रम सराहनीय है इस कार्यक्रम के तहत जो स्वच्छता के लिए छात्रों को समुदाय को ग्रामीणों को स्वच्छता के मूल्य के अनुपालन के लिए जो प्रेरित करने का कार्य किया जा रहा है वो सराहनीय है।वही पे संस्था की सचिव अंजलि कुमारी ने कहा की ओएनजीसी सीबीएम परिसम्पति बोकारो के स्वच्छता ही सेवा 2024 कार्यक्रम के लिए मुख्य महाप्रबंधक प्रमुख मानव संसाधन दयानन्द कालुंडिया, उप महाप्रबंधक प्रभारी सीएसआर डोली कुमारी और महा प्रबंधक मानव संसाधन शुभम चौधरी एवं शशि शेखर का रहा है।

# बोकारो जेनरल हॉस्पिटल में विश्व फार्मासिस्ट दिवस का हुआ आयोजन

डॉ बीबी करुणामय ने अपने संबोधन में कहा कि फार्मासिस्ट की भूमिका बहुत महत्वपूर्ण होती है



खबर मन्त्र संवाददाता

**बोकारो।** बीजीएच में आयोजित विश्व फार्मासिस्ट दिवस में मुख्य अतिथि के रूप में हॉस्पिटल के प्रभारी डॉ बीबी करुणामय सीएमओ डॉ आनंद कुमार एवं डॉ ए मंडल एसीएमओ डॉ वर्षा घनेकर वरीय चिकित्सक, नर्सिंग एवं पैरामेडिकल स्टाफ उपस्थित थे।

डॉ बीबी करुणामय ने अपने संबोधन में कहा कि फार्मासिस्ट की भूमिका बहुत महत्वपूर्ण होती है जिसमें उनके द्वारा दवा की सही पहचान उसकी री स्टॉकिंग दवाओं की एक्सपायरी डेट का रिकॉर्ड रखना और दवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करना आदि शामिल होते हैं ताकि किसी मरीज के स्वास्थ्य पर उसका कोई गलत प्रभाव न पड़े। बीजीएच के फार्मासिस्ट पॉलोमी मुखर्जी भुवनेश्वर गोराईं एवं देवराज खान द्वारा इस वर्ष के थीम वैश्विक स्वास्थ्य आवश्यकताओं को पूरा करना पर आधारित संक्षिप्त भाषण दिया गया। कार्यक्रम का संचालन फार्मासिस्ट पंकज पांडा तथा धन्यवाद ज्ञापन संजय कुमार के द्वारा किया गया। मौके पर फार्मासिस्ट अजीत कुमार सिन्हा, शशिभूषण पंडित, अनिरुद्ध वैष्णव, कमल किशोर प्रसाद, प्रदीप कुमार, मो जफर इकबाल अमित सिन्हा के साथ सभी फार्मासिस्ट उपस्थित रहे।

## एक नजर में

### गोमिया विधायक डॉ लंबोदर महतो ने पीसीसी पथ एवं दो पुलिया योजना का शिलान्यास किया



बेरमो/बोकारो। गोमिया विधायक डॉ लम्बोदर महतो ने गुरुवार को गोमिया पंचायत के पड़रिया बस्ती में डीएमएफटी मद से स्वीकृत 3200 फीट लंबे पीसीसी पथ और दो पुलिया के निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। यह सड़क पड़रिया बस्ती से बोकारो नदी स्थित श्मशान घाट तक जाएगी। विधायक ने पूजा-अर्चना कर नारियल फोड़ते हुए इस निर्माण कार्य का विधिवत शुभारंभ किया। इस मौके पर जिला परिषद सदस्य डॉ सुरेंद्र राज, प्रखंड प्रमुख प्रमिला चौड़े, मुखिया बलराम रजक और विधायक प्रतिनिधि विपिन कुमार विशेष रूप से उपस्थित रहे। शिलान्यास समारोह के दौरान विधायक डॉ लम्बोदर महतो ने कहा कि गोमिया विधानसभा में विकास कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर कराया जा रहा है. क्षेत्र की बुनियादी समस्याओं को हल करना और क्षेत्र का समग्र विकास ही उनका मुख्य लक्ष्य है। विधायक के आगमन पर पड़रिया बस्ती के लोगों ने उनका गाजे-बाजे और फूल-मालाओं से भव्य स्वागत किया। इस अवसर पर पंचायत समिति सदस्य जनकदेव यादव, पूर्व प्रमुख गुलाबचंद हांसदा, पूर्व मुखिया धनंजय सिंह, समाजसेवी बद्री यादव, राजकुमार यादव, दुलाल प्रसाद, रविन्द्र, दीपक, रोहित यादव सहित अन्य गणमान्य लोग भी उपस्थित थे।

### चेक बाउंस के मामले में समझौता के बाद दोनों पक्षों को भेंट किए गए पौधा



बेरमो /तेनुघाट कोर्ट। तेनुघाट व्यवहार न्यायालय के एसीजेएम मनोज कुमार प्रजापति ने चेक बाउंस मामले में दोनों पक्षों के बीच समझौता के बाद पौधा लगाने को दिया। इस बारे प्रजापति ने बताया कि तेनुघाट व्यवहार न्यायलय में चल रहे वीणा देवी और रामेश्वर महतो के बीच चल रहे चेक बाउंस मामले में दोनों पक्षों को समझा कर उनके बीच में सुलह करवाकर मामले का निष्पादन कराया। वहीं आपसी विवाद के समाप्त होने के बाद दोनों पक्षों के बीच समझौता कराकर मामला का निष्पादन होने के बाद दोनो पक्ष को पौधा दिया गया, ताकि उन्हें अपने द्वारा उस पौधे को लगाने के उन्हें हमेशा याद रहेगा। आगे वे फिर केस मुकदमा के बारे में नहीं सोचे। इस अवसर पर दोनों पक्ष के अधिवक्ता मुरली मनोहर वर्धन और प्रमोद कुमार के साथ पूर्णेन्दु कुमार, भगीरथ आदि की मौजूदगी में एसीजेएम मनोज कुमार प्रजापति ने दोनों पक्षों को पौधा लगाने को दिया गया। वहीं मध्यस्थता केन्द्र में भी पति पत्नी को समझौता के बाद पौधा लगाने को दिया। इस बारे बताया गया पत्नी कविता देवी ने अपने पति संजय करमाली के विरुद्ध तेनुघाट कुटुंब न्यायालय प्रेम नाथ पांडेय के न्यायालय में भरण पोषण का मामला दर्ज कराया था। कि तेनुघाट व्यवहार न्यायलय के मध्यस्थता केन्द्र में पति पत्नी के बीच समझौता कराया गया। जिसे न्यायालय के द्वारा समझौता करने के लिए मध्यस्थता केन्द्र भेजा गया था। जहां पर मध्यस्थता के अधिवक्ता तपन कुमार दे के द्वारा दोनों पक्षों के बीच समझौता कराकर मामला निष्पादन कराया। समझौता होने के बाद अब दोनों पति और पत्नी अपने बच्चों के साथ मिलकर अपना जीवन यापन करेंगे। समझौता होने के बाद मध्यस्थता अधिवक्ता तपन कुमार दे और दोनों पक्ष के अधिवक्ता शंकर कुमार ठाकुर और विश्वनाथ के साथ जीवन सागर, दीपक कुमार गुप्ता, कृष्णा रजक आदि की मौजूदगी दोनों पति पत्नी को पौधा लगाने दिया गया।

### 14वां टिकैत कुमार महतो ग्रामीण फुटबॉल प्रतियोगिता का हुआ आगाज



बेरमो। नावाडीह उपरघाट गोनियाटो पंचायत में युवा विकास क्लब एंव ग्राम विकास समिति द्वारा आयोजित 14वां टिकैत कुमार महतो ग्रामीण फुटबॉल प्रतियोगिता का आज आगाज हुआ प्रतियोगिता का उद्घघाटन उपरघाट जिला परिषद सदस्य कुमारी खुशबू महतो आजसू युवा आजसू के राज्य संयोजक टिकैत महतो मुखिया अमृता कुमारी समाजसेवी सीताराम सोरेन ने संयुक्त रूप से खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया प्रतियोगिता का उद्घघाटन मैच जे एम डी मानपुर बनाम युवा विकास क्लब पिलपिलो के बीच खेला गया जिसमें प्लेंटी सूट में पिलपिलो टीम के विजेता बने प्रतियोगिता का फाइनल समारोह 29 सितंबर 2024 दिन रविवार को किया जायेगा जिसमें मुख्य अतिथि आजसू पार्टी सुप्रीमो सह पूर्व उपमुख्यमंत्री श्री सुदेश कुमार महतो विशिष्ट अतिथि गिरिडीह सांसद श्री चंद्रप्रकाश चौधरी गोमिया विधानसभा क्षेत्र के विधायक डॉ लंबोदर महतो एंव और कई आजसू के दिग्ज नेता शामिल होंगे इस मौके पर अध्यक्ष रामकुमार मरांडी सचिव राजेश तुरी दामोदर महतो कोषाध्यक्ष कपिल तुरी महेंद्र महतो संयुक्त सचिव जितेंद्र महतो मैच संचालक दिनेश कुमार महतो राजेश मुर्मू विजय महतो गणपत महतो मुकेश नायक विनोद महतो रूपेश रविदास प्रदीप रविदास दशरथ मुर्मु जितेन्द्र मुर्मू दिलीप मरांडी मनीष कुमार महतो काजल कुमार महतो एंव सेकोड़ो लोग उपस्थित थे।

### राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग अध्यक्ष द्वारा 100 केवीए ट्रांसफार्मर का उद्घाटन



बोकारो/कसमार। कसमार प्रखंड अंतर्गत दुगार्पुर पंचायत के डुंडाडीह गांव में अध्यक्ष राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग सह पूर्व विधायक योगेन्द्र प्रसाद ने 100 केवीए के ट्रांसफॉर्मर का उद्घाटन किया। ग्रामीणों ने पूर्व विधायक योगेंद्र प्रसाद का पारंपरिक तरीके से स्वागत किया। इस दौरान उपस्थित ग्रामीणों ने खुशी जताई और आभार व्यक्त किया। अध्यक्ष राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग व पूर्व विधायक ने एक एक कर ग्रामीणों की समस्याओं को भी सुना। कई समस्याओं का अधिकारियों से बात कर ऑन द स्पॉट निराकरण कराया। अध्यक्ष राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग योगेन्द्र प्रसाद ने कहा कि मैं हर सुख दुख में आपके साथ खड़ा हूँ। जब भी जरूरत हो मुझे बताएं, प्राथमिकता के साथ समस्याओं का समाधान करने का यथासंभव प्रयास करूंगा। उन्होंने कहा कि यह सब आपके विश्वास की शक्ति से संभव हो पाता है। इस विश्वास को कभी टूटने नहीं दूंगा। मौके पर विनोद कुमार महतो डब्लू महतो हराधन ठाकुर समेत दर्जनों ग्रामीण उपस्थित थे।

### कार्मेल उच्च विद्यालय बोकारो थर्मल के छात्र-छात्राओं ने निकाली पर्यावरण संरक्षण पर प्रभात फेरी



बेरमो। कार्मेल उच्च विद्यालय,बोकारो थर्मल के छात्र-छात्राओं ने आज पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से प्रभात फेरी का आयोजन किया। इस प्रभात फेरी में बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं ने हिस्सा लिया और पर्यावरण सुरक्षा से जुड़े विभिन्न नारे लगाए। छात्र-छात्राओं ने पेड़ लगाओ, जीवन बचाओ, श्प्लास्टिक हटाओ, पर्यावरण बचाओ, जल ही जीवन है और एक वृक्ष, हजार पुत्र के समान जैसे स्लोगनों के माध्यम से लोगों को जागरूक किया। प्रभात फेरी की शुरूआत विद्यालय प्रांगण से हुई और यह विद्यालय से बोकारो थर्मल सेंट्रल मार्केट, गोविंदपुर मार्गों से होते हुए वापस विद्यालय पहुंची। इस दौरान छात्र-छात्राओं ने हाथों में बैनर और पोस्टर लिए हुए थे, जिन पर पर्यावरण संरक्षण के संदेश लिखे हुए थे। फेरी में शामिल छात्रों के उत्साह को देखकर स्थानीय लोग भी प्रभावित हुए और कई ने इस अभियान का समर्थन किया। विद्यालय की प्रधानाध्यापिका सिस्टर प्रेमलता लॉरेंस ए सी ने बताया कि इस प्रभात फेरी का उद्देश्य छात्रों और आमजन में पर्यावरण के प्रति जागरूकता फैलाना था। उन्होंने कहा कि आज के समय में पर्यावरण संरक्षण एक महत्वपूर्ण मुद्दा बन गया है और हम चाहते हैं कि हमारे छात्र इस दिशा में सकारात्मक पहल करें। अधिक से अधिक पेड़ लगाने और जल संरक्षण के प्रति जागरूक रहने का संकल्प लिया गया। इस अवसर पर विद्यालय के सभी शिक्षक शिक्षिकाएं और स्थानीय समुदाय के लोग भी उपस्थित थे। जिन्होंने छात्रों के इस प्रयास की सराहना की।

## स्पीड न्यूज

### गोल्ड मेडलिस्ट तीरंदाज दीपक कर्मकार का असामयिक निधन



बेरमो। राष्ट्रीय तीरंदाजी प्रशिक्षक करण कुमार कर्मकार के बड़े पुत्र और गोल्ड मेडलिस्ट तीरंदाज 13 वर्षीय दीपक कर्मकार का गुरुवार सुबह जमशेदपुर में असामयिक निधन हो गया। अचानक तबियत बिगड़ने के बाद दीपक को एक सप्ताह पहले जमशेदपुर कैंसर अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां उनका इलाज चल रहा था। दीपक कर्मकार ने झारखंड और आंध्र प्रदेश में आयोजित कई राष्ट्रीय तीरंदाजी प्रतियोगिताओं में शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक जीतकर बोकारो और कसमार प्रखंड का नाम रोशन किया था। उनके निधन की खबर से पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। गुरुवार शाम जब दीपक का शव एम्बुलेंस द्वारा उनके पैतृक गांव चौड़ा पहुंचा, तो परिजनों और ग्रामीणों की आंखों से आंसू रुकने का नाम नहीं ले रहे थे। दीपक के अंतिम दर्शन के लिए गोमिया विधायक डॉ लंबोदर महतो, जिला परिषद सदस्य अमरदीप महाराज, जेएलकेएम नेता गुणानंद महतो, आजसू प्रखंड अध्यक्ष महेंद्रनाथ महतो सहित बड़ी संख्या में लोग पहुंचे और श्रद्धांजलि अर्पित की। पूर्व मंत्री माधव लाल सिंह, कसमार प्रखंड प्रमुख नियोती कुमारी, गोमिया जिप सदस्य अकाशलाल सिंह, पूर्व उपप्रमुख ज्योत्सना झा, शिक्षक पंकज कुमार जायसवाल सहित अन्य नेताओं और स्थानीय निवासियों ने भी गहरा शोक व्यक्त किया। चौड़ा स्थित श्मशान घाट में दीपक कर्मकार का अंतिम संस्कार किया गया, जहां सैकड़ों लोगों ने दो मिनट का मौन रखकर उन्हें श्रद्धांजलि दी। दीपक कर्मकार की प्रमुख उपलब्धियां सितंबर 2023 मे जमशेदपुर में आयोजित 15वी राज्य तिरंदाजी चैंपियनशिप में तीन स्वर्ण पदक फरवरी 2023 में रांची में आयोजित सांसद खेल महोत्सव में तीरंदाजी में प्रथम स्थान मई 2022 को आंध्र के राजामुंदरी में और जनवरी 2023 में विजयवाड़ा मे आयोजित राष्ट्रीय तिरंदाजी चैंपियनशिप में कई स्वर्ण पदक जीतकर क्षेत्र का नाम रोशन किया था।

### बोडिया दक्षिणी पंचायत में पेवर ब्लॉक लगाने के कार्य का शिलान्यास



बेरमो/कथारा। 15 वें वित्त आयोग मद से बोडिया दक्षिणी पंचायत मे कथारा उच्च विद्यालय में पेवर ब्लॉक लगाने के कार्यो का शुभ शिलान्यास बेरमो प्रखंड प्रमुख गिरिजा देवी ने किया मौके पर पंसस बैजु कुमार, अमित कुमार, अजय हरि, गणेश राम, ललिता राय, संतोष यादव, नूतन कुमारी बाला सुकेश कु प्रजापति, विभीषण कुण्राय पुष्पा कुमारी, राजदा फातमा, बेला कुमारी, भुनेश्वर यादव एवं विद्यालय के शिक्षकगण मोजूद थे।

### दुष्कर्म के आरोपी को दस साल की सजा

बेरमो/तेनुघाट कोर्ट। तेनुघाट व्यवहार न्यायालय के जिला जज द्वितीय सूर्य मणि त्रिपाठी ने दुष्कर्म के आरोपी धनबाद जिला के तोपचांची थाना अंतर्गत कूड़ामु निवासी को सिद्ध दोषी पाने के बाद दस वर्ष सश्रम कारावास की सजा सुनाई। मालूम हो कि पीड़िता ने थाना प्रभारी के समक्ष बयान दर्ज कराया कि अकेला पाकर अभियुक्त मुकेश कुमार महतो ने उसके साथ बाजबरन बलात्कार किया।

## गोड्डा सिविल कोर्ट के लाइब्रेरी सभागार में नवचयनित पीएलवी का इंडक्शन शिविर आयोजित

# महिला सशक्तिकरण को लेकर बालिकाओं को सतर्क रहने की जरुरत है : डालसा सचिव

>> डॉ प्रदीप कुमार ने कहा कि आपसी समझौता से निष्पादित मामले चिर स्थाई होते हैं। इसलिए प्राथमिकी दर्ज होने के पूर्व दोनों पक्षों को समझौना कराने की दिशा में पहल करने की जरुरत है




खबर मन्त्र संवाददाता

**गोड्डा।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से व्यवहार न्यायालय परिसर स्थित लाइब्रेरी हाल में नवचयनित पारा लीगल वोलेंटियारों का पांच दिवसीय इंडक्शन ट्रेनिंग प्रोग्राम का आयोजन किया जा रहा है।

प्रशिक्षण शिविर के तीसरे दिन प्रशिक्षु पीएलवी को कानून के विभिन्न पहलुओं की जानकारी दी गई। इस दौरान जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव डॉ प्रदीप कुमार ने कहा कि आपसी समझौता से निष्पादित मामले चिर स्थाई होते हैं। इसलिए प्राथमिकी दर्ज होने के पूर्व दोनों पक्षों को समझौना कराने की दिशा में पहल करने की जरुरत है।

इसके लिए डालसा के फ्रंट आफिस में सादे कागज पर आवेदन देकर निपटारा कराया जा सकता है। वहीं लोक अदालत, स्थाई लोक अदालत के कार्यों व मुकदमा के निष्पादन के तरीके की जानकारी दी गई। कहा कि संविधान में महिला-पुरुषों को बराबर का दर्जा प्राप्त है। महिलाओं के सशक्तिकरण से ही समाज में व्याप्त कुरीतियों का सफाया हो सकेगा। उन्होंने घरेलु हिंसा अधिनियम पर प्रकाश डालते हुए कहा कि प्रताड़ना सहने के बावजूद जो महिलाएं मध्यस्थता के दौरान साथ-साथ रहने पर सहमत हो जाती हैं और घर बसाती हैं। वही महिलाएं आदर्श होती हैं। हालांकि कानून में भी महिलाओं को अधिकार प्रदत्त है। कहा कि समाज में महिला सशक्तिकरण को लेकर बालिकाओं को सतर्क रहने की जरुरत है। सही उम्र में ही करें शादी। शादी की उम्र लड़की के लिए 18 एवं लड़कों के लिए 21 वर्ष निर्धारित है। इससे पहले शादी करना कानूनी जुर्म है। कहा कि कानून में महिलाओं की रक्षा के लिए पोक्सो कानून बनाया गया है। कानून की नजर में स्त्री की लज्जा भंग करना एक गंभीर अमानवीय अपराध है।

ऐसा अपराध नारी की स्वतंत्रता एवं निजी जीवन और निजता पर हमला है चाहे वह महिला किसी भी उम्र की हो सकती है। कई ऐसे कृत्य हैं जिससे स्त्री की लज्जा भंग होती है। इसके अलावा मध्यस्थ अधिवक्ता अफसर हसनैन, कुंदन ठाकुर, लीली कुमारी, मो असलम आदि ने भी विचार व्यक्त किए।

# बेरमो : इनकम टैक्स द्वारा टीडीएस टीसीएस पर सेमिनार का आयोजन



खबर मन्त्र संवाददाता

**बेरमो।** आयकर विभाग, टी.डी.एस वार्ड, बोकारो द्वारा टी.डी.एस/टी.सी.एस पर एक सेमिनार मिडिल स्कूल कस्मार कांफ्रेंस हॉल, बोकारो में आयोजित किया गया। जिसमें दीपक कुमार, आयकर अधिकारी, टी.डी.एस वार्ड, बोकारो, द्वारा टी.डी.एस/टी.सी.एस के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। उन्होंने उपस्थित सभी डी.डी.ओ./कौतिकर्ताओं को सही दर से टी.डी.एस काटने, काटे गए ळऊर की राशि को सरकारी खाते में सही समय पर जमा करने और नियत तिथि पर त्रैमासिक स्टेटमेंट करने का अनुरोध किया। उन्होंने यह भी बताया कि गलत जानकारी देने के कारण व्यक्ति या फर्म का कटा गया, जिससे उन्हें अपन आयकर विवरणी दाखिल करने में परेशानी होली है साथ ही उनके ऊपर आयकर का बकाया भी हो जाता है। जबकि उनका टैक्स द्वारा पहले से ही कटकर भुगतान किया जाता है। इस सेमिनार में टी.डी.एस/टी.सी.एस के नये प्रावधानों के अतिरिक्त कर कटौती नहीं करने एवं जमा नहीं करने पर पेनाल्टी और अभियोजन के प्रावधानों पर भी विस्तार से चर्चा की गयी साथ ही फॉर्म 12बीबी के बारे में विस्तारपूर्वक बताया गया, जिसके अंतर्गत उन सभी वेतनभोगी/कर्मचारीयों के लिए अनिवार्य है जो वित्तीय वर्ष के दौरान किये गए निवेश या खर्च पर कर की कटौती का दावा करना चाहते हैं। अधिवक्ता संजीव कुमार ने टी.डी.एस रिर्टन करने में होने वाली कठिनाइयों को कैसे दूर किया जा सकता है इस बारे में विस्तार से जानकारी दी। उपरोक्त सेमिनार में श्री मनोज कुमार झा, आयकर निरीक्षिक एवं अन्य उपस्थित हुए।

# बोकारो : बास्केटबॉल में रांची, जमशेदपुर पटना और बोकारो की टीमों का दबदबा



खबर मन्त्र संवाददाता

**बोकारो।** डीपीएस बोकारो की मेजबानी में चल रही सीबीएसई क्लस्टर-3 अंतर विद्यालय बास्केटबॉल प्रतियोगिता में खराब मौसम के बावजूद बालिकाओं के अंडर-19 वर्ग में आर्मी स्कूल रांची ने डीपीएस रांची को 23-04 नोट्रेडेन पटना ने कैराली स्कूल रांची को 12-03 डीपीएस गया ने आर्मी पब्लिक स्कूल रांची को 10-04 लोयोला हाई स्कूल पटना ने होलीक्रॉस बोकारो को 12-04 रेडिएंट इंटरनेशनल स्कूल पटना ने टेंडर हार्ट स्कूल रांची को 02-00 विद्या विहार चिन्मय विद्यालय जमशेदपुर ने श्री अय्यप्पा पब्लिक स्कूल बोकारो को 29-05 अंडर-17 में लेडी केसीएम रांची ने श्री अय्यप्पा पब्लिक स्कूल बोकारो को 14-02 महाबोधी ट्री स्कूल गया ने विद्या विहार पूर्णिया को 15-08 डीबीएमएस कदमा ने एआरएस पब्लिक स्कूल बोकारो को 07-00 तथा बाल्डविन एकेडमी कदमा ने बाल्डविन एकेडमी पटना को 13-03 तथा आरएमएस हाई स्कूल जमशेदपुर ने धनबाद पब्लिक स्कूल को 33-13 अंकों से परास्त किया। बालकों के अंडर -19 में जेवीएम रांची ने लोयोला हाई स्कूल पटना को 37-14 टेंडर हार्ट स्कूल रांची ने रेडियंट इंटरनेशनल स्कूल पटना को 13-0 आर्मी पब्लिक स्कूल हजारीबाग ने ग्रेटर त्रिवेणी स्कूल लोहरदगा को 24-13 विद्या विकास रांची की टीम ने होली क्रॉस बोकारो को 12-02 तथा ब्रिजफोर्ड रांची ने बिशप स्कॉट पटना को 27-04 अंडर- 17 में बाल्डविन एकेडमी जमशेदपुर ने डीपीएस बोकारो को 32-20 जीजीपीएस बीएस सिटी ने संत मैरी स्कूल मसौढ़ी को 28-10 संत मैरी स्कूल इंग्लिश हाई स्कूल जमशेदपुर ने ट्रिनिटी ग्लोबल स्कूल पटना को 21-12 डीबीएमएस कदमा ने रेडियंट इंटरनेशनल स्कूल पटना को 26-0 महाबोधी ट्री स्कूल गया ने लेडी केसीआर रांची को 23-07 डीवाई पाटिल पटना ने बाल्डविन एकेडमी पटना को 10-08 डॉन बॉस्को स्कूल सीवान ने मिलेनियम स्कूल पटना को 10-06 एसबीपीएस रांची ने जीडी गोयनका स्कूल पटना को 12-0 तथा गोविन्द विद्यालय जमशेदपुर ने आरकेवी विद्या मंदिर देवघर को 14-12 अंकों से पराजित किया। अंडर-19 में शारदानंद स्कूल रांची को टॉरियन वर्ल्ड स्कूल रांची तथा अंडर- 17 में संत माइकल स्कूल पटना को निर्मला स्कूल धनबाद के विरुद्ध वॉकओवर मिला।

# गोड्डा : अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी का इतने कम समय मे बदले जाने का निर्णय आश्चर्यजनक

खबर मन्त्र संवाददाता



**गोड्डा।** स्थानांतरण किसी विभाग मे उनके प्रशासनिक विभाग के अधिकार के अंतर्गत आता है और सरकार ने इसके लिये कुछ समय सीमा निर्धारित भी किया है। लेकिन कुछ बातें हैं जो चुभती हैं और राजनितिक दवाब या विभागीय फैसले पर आम जनता से लेकर बुद्धिजीवियों को भी सोचने के लिये मजबूर कर देता है। गोड्डा अनुमंडल पुलिस अधिकारी को अभी गोड्डा पदस्थापन हुए एक वर्ष भी नहीं हुए और तीन माह के बाद ही उनके स्थानांतरण कि खबरे आई। जबकि इस बीच अपने कार्यकाल मे उन्होंने कई कांड़ों का अनुसन्धान कर रहस्य से पर्दा उठाया और जनता के बीच लोकप्रिय होते हुए आम जनता के बीच किसी पुलिस पदाधिकारी का लोकप्रिय होना उनकी कार्यशैली और प्रशासनिक क्षमता को दशार्ता है। अनुसन्धान मे दक्षता का प्रमाण पत्र पाने वाले चौधरी सरल और मधुर स्वभाव के कारण बहुत जल्द गोड्डा मे लोकप्रिय भी हो गए। आज बिभागीय आदेश के मुताबिक उनका तबादला कर दिया गया और उनकी जगह अशोक प्रियदर्शी को गोड्डा एस डी पी ओ के पद पर योगदान करने का आदेश से जनता और बुद्धिजीवि वर्गो के बीच चर्चा कौतुहुल का विषय बन गया है। छह माह तो किसी पदाधिकारी को उस क्षेत्र की भौगोलिक पहचान आपसी संपर्क बढ़ाने मे लग जाते हैं और अपने कार्यकाल मे लोकसभा चुनाव भी भली भांति सम्पन्न कराया। उनके कार्यकाल मे कोई विवाद या किसी फैसले पर कहीं से कोई प्रश्न चिन्ह खडे नहीं हुए और एक वर्ष के अंदर उनका स्थानांतरण चर्चा का विषय बन गया है। स्थानांतरण चाहे राजनितिक दवाब के कारण हो या विभागीय कार्रवाई की वजह से लेकिन ये कार्रवाई आश्चर्य जनक है। ठीक विधानसभा चुनाव के पहले उनका स्थानांतरण राजनितिक दवाब हो या बिभागीय कार्रवाई फैसला समझ से परे है। ये फैसला विभागीय कार्रवाई के अंतर्गत आता है लेकिन कुछ फैसले पर जनता को आश्चर्य चकित कर देते हैं।

# बोकारो : स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत नुक्कड़ नाटक



खबर मन्त्र संवाददाता

**बोकारो।** बीएसएल में जारी स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत बोकारो जनरल हॉस्पिटल के स्कूल ऑफ नर्सिंग की छात्राओं द्वारा एक नुक्कड़ नाटक का आयोजन सिटी सेंटर सेक्टर 04 में किया गया। नुक्कड़ नाटक के माध्यम से स्कूल ऑफ नर्सिंग की छात्राओं द्वारा रोचक अंदाज में लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया गया तथा उन्हें स्वच्छ भारत अभियान को सफल बनाने का संदेश दिया गया। इस मौके पर सीजीएम सीईडी शालिग्राम सिंह सीजीएम नगर प्रशासन कुंदन कुमार बीजीएच के वरीय अधिकारी व कर्मी सहित इस अभियान से जुड़े टीम के अन्य सदस्य उपस्थित थे।

# कोडरमा घाटी में ट्रेलर और ट्रक की टक्कर में चालक और खलासी घायल

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**कोडरमा।** कोडरमा थाना क्षेत्र अंतर्गत घाटी स्थित नौवा माइल के समीप ट्रेलर और ट्रक की टक्कर में ट्रक चालक व उप चालक घायल हो गए।

घायलों की पहचान शिवा सिंह (20), गोरखपुर, यूपी और विशाल कुमार (23), स्टील सिटी, बोकारो के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार ट्रक में धनबाद से कोयला लोड करके यूपी की तरफ जा रहे थे। कोडरमा घाटी में नौवा माइल के पास एक ट्रेलर पहले से खड़ा था। ट्रक के पीछे से टक्कर मार देने से ट्रक चालक और उपचालक घायल हो गए। सूचना मिलने के बाद पुलिस ने दोनों घायलों को कोडरमा सदर अस्पताल पहुंचाया। इधर, एक अन्य घटना में मेघातरी में एक ट्रक अनियंत्रित होकर पलट गया। ट्रक कबाड़ी लोहा लोड कर बिहार की तरफ जा रहा था। मेघातरी पुल के समीप पहुंचने पर ट्रक का संतुलन बिगड़ गया, जिसके बाद ट्रक पुल से नीचे पलट गया। इस हादसे में ट्रक का चालक बाल-बाल बच गया।

## स्पीड न्यूज

### सांसद कालीचरण सिंह कोल इंडिया और स्टील कमेटी का सदस्य नियुक्त



**चतरा।** सांसद कालीचरण सिंह को कोल इंडिया और स्टील कमेटी का सदस्य नियुक्त किया गया है। केन्द्र सरकार ने इसकी अधिसूचना जारी की है। विधायक किसुन कुमार दास, सुमन सौरव, मिथलेश गुप्ता, सुनील चौरसिया, प्रमोद सिंह, विकास मालाकार, महेंद्र यादव और बबलू गुप्ता ने उन्हें बधाई दी है।

### चतरा जिला को डीएमएफटी से 1521.62 करोड़ रुपये हुए प्राप्त

**चतरा।** चतरा जिले को वर्ष 2015 से अब तक डिस्ट्रिक्ट मिनरल फाउंडेशन ट्रस्ट (डीएमएफटी) के तहत 1521.62 करोड़ रुपये प्राप्त हुए हैं, जिसमें से 1065.52 करोड़ रुपये अभी भी उपलब्ध हैं और 456.1 करोड़ रुपये खर्च किए जा चुके हैं। वर्ष 2023 अगस्त तक खनिजों से 257.04 करोड़ रुपये राजस्व की वसूली हुई थी, जबकि वर्ष 2024 अगस्त तक 286.40 करोड़ रुपये की राजस्व वसूली हुई है, जो कि वर्ष 2023 की तुलना में 29.36 करोड़ रुपये अधिक है। कोयला, पत्थर, ईंट, बालू, कार्य विभाग, जुमार्ना राशि, अन्य और प्रबंधन शुल्क की राशि सहित कुल 286 करोड़ 40 लाख रुपए की वसूली अगस्त 2024 तक की जा चुकी है।

### 29 सितंबर को कान्यकुब्ज ब्राह्मण महासमिति की बैठक



**गिद्धौर।** 29 सितंबर को हजारीबाग के मधुवन होटल में कान्यकुब्ज ब्राह्मण महासमिति की बैठक आयोजित की जाएगी। बैठक में झारखंड प्रदेश के मंत्रिमंडल में चयनित पदाधिकारी शामिल होंगे। बैठक में संगठन की मजबूती, कार्यो और सामाजिक आर्थिक मुद्दों पर चर्चा होगी। समाज के निर्धन परिवारों के उत्थान के लिए सामूहिक प्रयास करने पर बल दिया जाएगा। बैठक में कान्यकुब्ज ब्राह्मण महासमिति के तहत प्रदेश स्तर पर चयनित पदाधिकारियों को प्रमाण पत्र वितरित किए जाएंगे। समाज के प्रदेश अध्यक्ष ने चयनित पदाधिकारियों से बैठक में अनिवार्य रूप से उपस्थित होने की अपील की है।

### एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत किया गया पौधरोपण



**कोडरमा।** स्वच्छता ही सेवा अभियान 2024 अंतर्गत शुक्रवार को ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान (आरएसईटीआई) में एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत डीडीसी ऋतुराज, आरएसईटीआई के स्टेट डायरेक्टर सीबी मिश्रा एवं एलडीएम निवास कुमार द्वारा पौधरोपण किया गया। वहीं अपने आस-पास स्वच्छता रखने हेतु प्रशिक्षण प्राप्त कर रही सभी महिलाओं एवं उपस्थित सभी लोगों को स्वच्छता का शपथ दिलाया गया। वहीं जिलेवासियों से अपील किया कि अपने शहर, गांव, मोहल्ले को स्वच्छ रखने में सहयोग करें।

## डीडीसी ने आरसेटी का किया औचक निरीक्षण, दिए कई निर्देश

**कोडरमा।** प्रखंड के चेचाई स्थित बैंक ऑफ इंडिया के उपक्रम ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान (आरसेटी) में शुक्रवार को डीडीसी ऋतुराज पहुंचे और भवन का औचक निरीक्षण कर जर्जर भवन की मरम्मती करवाने की बात कहते हुए आरसेटी निदेशक से जर्जर भवन का फोटोग्राफ और प्रतिवेदन देने का निर्देश दिया।

## जहर खाने से चौकीदार की मौत

**कोडरमा।** समाहरणालय में प्रतिनियुक्त चौकीदार सुरेंद्र पासवान की मौत जहर खाने से हो गयी। घटना के सम्बंध में मिली जानकारी के मुताबिक शुक्रवार शाम को परिजनों ने उसे इलाज के लिए सदर अस्पताल लाये, जहां उसकी गम्भीर स्थिति को देखते हुए रिम्स रेफर कर दिया। रांची जाने के क्रम में रास्ते मे ही उसकी मौत हो गयी।

## आगामी विधानसभा निर्वाचन को लेकर एसपी ने की बैठक, दिये कई निर्देश

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**कोडरमा।** आगामी विधानसभा निर्वाचन को लेकर प्रभावी व्यय अनुवीक्षण हेतु जिला स्तरीय प्रवर्तन एजेंसियों, विभागों के साथ समाहरणालय स्थित झारनेट सभागार में एसपी अनुदीप सिंह की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गयी। बैठक में आगामी विधानसभा निर्वाचन 2024 के निमित्त विभिन्न प्रवर्तन एजेंसियों, विभागों को निर्वाचन संबंधी गतिविधियों को क्रियाशील करने तथा विभागीय दिशा-निर्देशों का अनुपालन करते हुए कार्यों को सम्पन्न कराने पर चर्चा की गई।

सभी एजेंसियों, विभागों को अवैध वस्तुओं की तस्करी पर रोक लगाने हेतु तत्काल प्रभाव से छापेमारी एवं जब्ती से संबंधित गतिविधियों का संचालन नियमित रूप से किये जाने का निर्देश दिया गया। बैठक में उपस्थित प्रवर्तन एजेंसियों, विभागों के अधिकारियों को जब्ती से संबंधित कार्यों तथा आंकड़ों को ईएसएमएस पोर्टल में इंट्री की जानकारी दी गयी। वहीं एसपी ने सभी प्रवर्तन एजेन्सियों, विभागों को प्रतिदिन किये जा रहे जब्ती से संबंधित कार्यों तथा आंकड़ों का ससमय ऑनलाईन ईएसएमएस पोर्टल पर लॉग इन करते हुए अपलोड सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।

वहीं आदर्श आचार संहिता के अधिसूचना के तिथि से अनुपालन एवं निर्वाचन की शुद्धता बनाए रखने में फ्लाइंग स्क्वॉयड, एसएसटी, वीएसटी, वीवीटी, एटी एवं एईओ का प्रखंडवार गठन किया जायेगा, जो चुनाव में अत्याधिक व्यय, नगद एवं सामग्री के माध्यम से वोट के लिए प्रलोभन, अवैध हथियारों की आवाजाही, गोला बारूद, शराब, असामाजिक तत्वों आदि पर निर्वाचन के दौरान रोकथाम एवं व्यय अनुश्रवण पर निगरानी करेगी।

प्रवर्तन एजेंसियों, विभागों के अधिकारियों को जब्ती के दौरान वीडियोग्राफी करने, बैंकों को नकद ले जाने समय वाहन में क्यूआर कोड का उपयोग करने का निर्देश दिया गया। बैठक में डीएसपी, जिला अग्रणी प्रबंधक, उप निर्वाचन पदाधिकारी, अधीक्षक उत्पाद, इनकम टैक्स ऑफिसर समेत कई लोग मौजूद थे।

## उपायुक्त ने आमजनों के समस्याओं से हुए रूबरू, दिये कई निर्देश

**कोडरमा।** आमजनों के समस्याओं के समाधान और त्वरित निष्पादन को लेकर उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी मेघा भारद्वाज द्वारा अपने कार्यालय कक्ष में जनता दरबार का आयोजन किया गया। इस दौरान जिले के शहरी तथा ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों ने जनता दरबार में आकर अपनी समस्याओं को उपायुक्त के समक्ष रखा। एक-एक कर समस्याएं सुनी एवं आश्वस्त किया कि संज्ञान में आए हुए सभी शिकायतों की जांच कराते हुए जल्द से जल्द समाधान किया जाएगा।

## चार बोरा ब्लू स्टोन पत्थर जप्त

**कोडरमा।** पुलिस अधीक्षक अनुदीप सिंह ने शुक्रवार को थाना क्षेत्र के इंदरवा लोकाई स्थित ब्लू स्टोन माइंस का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान चार बोरे में रखे अवैध ब्लू स्टोन को जप्त कर थाना लाया गया। मौके पर थाना प्रभारी सुजित कुमार आदि मौजूद थे।

## एक नजर में

### दुर्गा पूजा की तैयारियां जोरों पर



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**इटखोरी।** प्रखंड क्षेत्र में दुर्गा पूजा की तैयारियां जोरों पर हैं, तीन अक्टूबर से शुरू होने वाले शारदीय नवरात्र को अब कुछ ही दिन शेष रह गए हैं। मुख्यालय से लेकर गांव तक पूरे प्रखंड में विभिन्न पूजा समितियों द्वारा पूजा पंडाल निर्माण की तैयारी अभी से ही शुरू कर दी गई है। इस बार तीन अक्टूबर को पहली पूजा के साथ दुर्गा पूजा शुरू हो रही है। जिसको लेकर इटखोरी टाल, इटखोरी चौक, परोका, करनी, परसौनी, पितीज, गुल्ली, सहित अन्य जगहों पर मां दुर्गा की मूर्तियों को मूर्त रूप देने के लिए इन दिनों बाहर से आए मूर्तिकार दिन रात काम में जुटे हुए हैं। इटखोरी दुर्गा पूजा समिति टाल के अध्यक्ष तापेश्वर गिरी ने बताया कि पंडाल को सजाने का काम शुरू हो चुका है। टाल पर सांस्कृतिक कार्यक्रम और मेले का भी आयोजन किया जाएगा। भक्तों की सुरक्षा का भी पूरा ख्याल रखा जाएगा।

### शांति समिति की बैठक आयोजित



**खबर मन्त्र संवादाता**

**कुंदा (चतरा)।** कुंदा थाना परिसर में दुर्गा पूजा को लेकर शांति समिति की बैठक आयोजित की गई, जिसकी अध्यक्षता प्रखंड विकास पदाधिकारी विवेक कुमार और सीओ शम्भु राम ने की। सीओ शम्भु राम ने दुर्गा पूजा को न केवल धार्मिक उत्सव बताया बल्कि समाज में एकता और भाईचारे का प्रतीक भी बताया। उन्होंने सभी से मिलकर यह सुनिश्चित करने की अपील की कि इस पर्व का आयोजन शांतिपूर्ण हो और किसी भी प्रकार की असामाजिक गतिविधियों को रोका जा सके। थानाध्यक्ष ने सभी पूजा समितियों से सुरक्षा के सभी मानकों का पालन करने और स्थानीय पुलिस से समन्वय बनाए रखने की अपील की। उन्होंने कहा कि पूजा के दौरान पुलिस असामाजिक तत्वों पर पैनी नजर रखेगी और किसी भी परिस्थिति में उन्हें बक्सा नहीं जाएगा।

दुर्गा पूजा समिति ने भी महत्वपूर्ण निर्णय लिया है कि पूजा के दौरान पूजा पंडाल के आसपास किसी भी तरह का मांस-मछली की बिक्री प्रतिबंधित रहेगी। थाना प्रभारी ने पूजा समिति को यह निर्देश दिया है कि पूजा पंडालों पर सीसीटीवी कैमरा लगाए, जिससे सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम पूजा पंडाल में हो सके। बैठक में पूजा समिति के अध्यक्ष प्रमोद गुप्ता, सचिव मनोज साहू मुखिया, भरत यादव, मुखिया प्रतिनिधि विनोद साव, समाज सेवी अनिल यादव, समाज सेवी लवकुश कुमार गुप्ता समेत कई अन्य उपस्थित थे।

### मिड-डे-मील योजना में अनियमितता



**खबर मन्त्र संवादाता**

**चतरा।** जिले में मिड-डे-मील योजना के तहत स्कूली बच्चों को मिलने वाला पौष्टिक भोजन सिर्फ दाल-भात और कभी-कभी सब्जी तक सिमट गया है, जबकि फल और अंडा थाली से गायब है। शिक्षा विभाग से लेकर सचिव (शिक्षक) तक सरकारी राशि का दुरुपयोग कर रहे हैं और बच्चों के हक को दीमक की तरह खा रहे हैं। सरकार का उद्देश्य बच्चों को गुणवत्तापूर्ण मध्याह्न भोजन उपलब्ध कराना, कुपोषण से मुक्त रखना, गरीब बच्चों को नियमित रूप से स्कूल आने में मदद करना, बच्चों के स्कूल में रहने की संभावना बढ़ाना, बच्चों को नियमित रूप से स्कूल भेजने के लिए प्रोत्साहित करना, स्कूल ड्राप-आउट को रोकना और बच्चों की पोषण संबंधी स्थिति में वृद्धि तथा सीखने के स्तर को बढ़ावा देना है, लेकिन चतरा जिले में सम्बंधित अधिकारी व शिक्षक (सचिव) बच्चों के मिलने वाला हक अधिकार को दीमक की तरह खाने में लगे हुए हैं।

### पूर्व विधायक ने किया कान्हाचट्टी प्रखंड दौरा



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**चतरा।** चतरा विधानसभा के भाजपा नेता और पूर्व विधायक जनार्दन पासवान ने कान्हाचट्टी प्रखंड का दौरा किया।

जिला चतरा प्रखंड कान्हाचटी पंचायत जमरी वकशपुरा अंतर्गत ग्राम जमरी के ग्रामीणों ने उनका फूल माला पहनाकर जोरदार स्वागत किया। ग्रामीणों ने आने वाले विधानसभा चुनाव में उन्हें भरपूर सहयोग करने का भरोसा दिलाया। इस दौरान युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष सुमन सौरभ तिवारी, मिथलेश सिंह, हरीओम केशरी, मो अनवर, गुलशन अवर, राधिन चंद्रवंशी, महेश रवानी, बाबू चन्द पासवान, व्यास राम, मो तौहीद, युगेस्वर रजक, विपिन रजक, मो रहीम, नवी हाशन, मो हकीम, मो अकबर, जागेश्वर प्रजापति सहित काफी संख्या में ग्रामीण महानुभाव उपस्थित रहे।

## मारपीट में घायल व्यक्ति का सदर अस्पताल में इलाज के दौरान मौत

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**कोडरमा।** मरकच्चो थाना क्षेत्र अंतर्गत महुगाई बरवाडीह में मारपीट में घायल 54 वर्षीय महादेव राम पिता स्व शंकर राम की सदर अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई। वहीं इस संबंध में मृतक के पुत्र ने बताया कि 18 अगस्त की शाम मेरे पिता महादेव राम घर पर थे। इसी दौरान मेरे घर के बगल के संतोष राम पिता स्व सुखदेव राम से कुछ बातों को लेकर कहासुनी हो गयी। जिसके बाद संतोष राम ने मेरे पिता के उपर टांगी से हमला कर दिया, जिसमें वे बुरी तरह से घायल हो गए। जिसके बाद इलाज के लिए सदर अस्पताल लाया गया जहां इलाज चल रहा था एवं इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई।

## चतरा बस स्टैंड तालाब में तब्दील

**खबर मन्त्र संवाददाता**

### जर्जर सड़क पर पलटा टेम्पो



**चतरा।** पिछले दो दिनों से हो रही भारी बारिश ने चतरा के बस स्टैंड को तालाब में बदल दिया है। स्टैंड की मुख्य सड़क और पूरा परिसर गड्ढों में तब्दील हो गया है, जिससे यात्री वाहन दुर्घटना के शिकार हो रहे हैं। शुक्रवार को बस स्टैंड से गुजर रहा एक टेम्पो गड्ढे में फंसकर पलट गया, जिससे उसमें लदा सारा सामान सड़कों पर बिखर गया। गनीमत की बात ये है कि इस हादसे में किसी की जान नहीं गई। हालांकि पानी में भींग जाने के कारण सभी सामान बर्बाद हो गया। गनीमत रही कि वाहन के चालक को कुछ नहीं हुआ। बारिश के कारण बस स्टैंड का परिसर कीचड़ से भर गया है और यात्रियों को आने-जाने में भारी परेशानी हो रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि अगर जल्द ही जर्जर सड़क और बस स्टैंड परिसर को दुरुस्त नहीं कराया गया तो हो सकता है कि कोई बड़ा हादसा हो जाए। जिला प्रशासन इस मामले में कोई ध्यान नहीं दे रहा है, जिससे लोगों में काफी आक्रोश है।

## भाजपा युवा मोर्चा ने सीएम हेमंत सोरेन का पुतला फूंका

**टंडवा।** जेएससीए सीजीएल परीक्षा में हुई धांधली के विरोध में भाजपा युवा मोर्चा ने सीएम हेमंत सोरेन का चुदरू में पुतला फूंका और जमकर नारेबाजी की। युवा जिलाध्यक्ष सुमन सौरभ ने आरोप लगाया कि सरकार ने युवा बेरोजगारों के नौकरियों को बेचने का काम किया है। भाजपा जिला अध्यक्ष रामदेव सिंह भोक्ता ने कहा कि हर बार परीक्षा में पेपर लीक होना सरकार की विफलता को दर्शाता है। जिला प्रभारी विनय जयसवाल ने भी सरकार पर हमला बोला। इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष रामदेव सिंह भोक्ता, जिला प्रभारी विनय जयसवाल, पूर्व जिला अध्यक्ष अशोक शर्मा, प्रदेश मीडिया प्रभारी अभिषेक केसरी, जिला महामंत्री विकाश मालाकार, अभिषेक राज, ओबीसी मोर्चा जिला अध्यक्ष सुनील चौरसिया, महेन्द्र यादव समेत अन्य उपस्थित थे।

## श्रमदान करने का कार्यक्रम आयोजित

### स्वच्छता ही सेवा अभियान



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**कोडरमा।** जिला एवं स्वच्छता समिति कोडरमा के सौजन्य से समाहरणालय परिसर में स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत एक साथ एक घंटे स्वच्छता के लिए श्रमदान करने का कार्यक्रम आयोजित किया। जिसमें जिप अध्यक्ष रामधन यादव, डीडीसी ऋतुराज शामिल हुए। वहीं डीडीसी ऋतुराज के नेतृत्व में स्वच्छ भारत मिशन का संदेश देते हुए स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत समाहरणालय परिसर की साफ-सफाई किया गया। स्वच्छता अभियान के तहत आसपास फैले कूड़े कचरे को इकट्ठा किया गया और उसे सफाई कर्मियों की मदद से उसका निस्तारण किया गया। वहीं जिप अध्यक्ष रामधन यादव ने कहा कि देश की आजादी के साथ गंदगी से भी लोगों को आजादी मिले, इसी सोच के साथ राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने स्वच्छ भारत अभियान की शुरुआत की थी और आज इस कड़ी में हम सब मिलकर साफ-सफाई कर रहे हैं, ताकि हम स्वच्छ रहेंगे तो देश और राज्य स्वच्छ होगा।

### ग्रिजली कॉलेज के प्रशिक्षुओं ने महाविद्यालय में चलाया स्वच्छता अभियान



**कोडरमा।** ग्रिजली कॉलेज ऑफ एजुकेशन में भारत सरकार के युवा एवं खेलकूद मंत्रालय द्वारा चलाए जा रहे स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत महाविद्यालय के बीएड.सत्र 2023-25 के प्रशिक्षुओं ने महाविद्यालय में स्वच्छता अभियान के तहत साफ सफाई की। इस अवसर पर महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ.मृदुला भगत ने सभी प्रशिक्षुओं को संबोधित करते हुए कहा हम सभी को अपने आस-पड़ोस का वातावरण स्वच्छ रखना चाहिए। वहीं कार्यक्रम पदाधिकारी सौरभ शर्मा ने सभी स्वयंसेवकों को स्वच्छता की शपथ दिलाई एवं सभी सदस्यों को स्वच्छता के लिए जागरूक किया।

## सीओ की निर्देश पर सीआई ने किया सड़क की मापी

**मरकच्चो (कोडरमा)।** बरियारडीह-मरकच्चो मुख्य मार्ग स्थित दरगाह मोहल्ला के पास जल जमाव तथा सड़क पर घर वालों के द्वारा पानी निकासी को लेकर सीओ परमेश्वर कुशवाहा को लगातार छात्र-छात्राओं, बुद्धिजीवियों, समाजसेवियों व ग्रामीणों के द्वारा शिकायत मिल रही थी, जिसे लेकर सीओ के निर्देश पर शुक्रवार को सीआई दिनेश राम के नेतृत्व में उक्त सड़क की मापी किया गया एवं मापी के दौरान पाया गया कि कुछ दबंगों के द्वारा सड़क को अतिक्रमण कर लिया गया है, जिसके कारण घरों का पानी निकासी सड़क पर कर दिया गया है। इस संबंध में सीआई ने कहा कि सड़क की मापी कर सीओ को इसकी रिपोर्ट सौंप दिया जायेगा तथा आगे की कार्रवाई की जायेगी।

## चतरा महाविद्यालय में बी.एड. प्रशिक्षुओं ने किया नए सत्र का स्वागत

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**चतरा।** चतरा महाविद्यालय, चतरा के बी.एड. विभाग में शुक्रवार को सत्र 2023-25 के बी.एड. प्रशिक्षुओं ने नए सत्र 2024-26 का धूमधाम से स्वागत किया। कार्यक्रम को रंगारंग बनाने के लिए 2023-25 के प्रशिक्षुओं ने गीत, नाटक और कविता प्रस्तुत किए। कार्यक्रम का मंच संचालन अल्फिया मिन्नत ने किया। कार्यक्रम का आरंभ स्वागत नृत्य, गीत और दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। कार्यक्रम में कॉलेज के प्रधानाचार्य डॉ. मुकेश कुमार झा ने नए प्रशिक्षुओं को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आज नए सत्र के विद्यार्थियों का प्रथम दिन है और उन्हें अनुशासन सीखने को मिलेगा। बी.एड. विभागाध्यक्ष डॉ. नंदकिशोर सिंह ने 2024-26 सत्र के प्रशिक्षुओं का स्वागत करते हुए कहा कि शिक्षक का दायित्व व्यापक है और शिक्षक वर्ग के लोग अभिभावक के समान हैं। अस्सिटेंट प्रोफेसर प्रेम बसंत बखला ने कहा कि बी.एड. प्रशिक्षण एक परिवार की तरह है जहाँ उन्हें बहुत कुछ सिखाया जाएगा और उन्हें विद्यार्थी बनकर सीखना होगा तभी जीवन में सफल होंगे। प्रो. डॉ. मुमताज अंसारी ने पाठ्यक्रम के बारे में विस्तार से बताया और व्यवहार और व्यक्तित्व के निखार पर बल दिया। प्रो. शोभा कुजूर ने कहा कि बी.एड. करने से विद्यार्थी जीवन जीने का कला सीख लेते हैं। प्रशिक्षुओं में मिस्टर एंड मिस फ्रेसर के रूप में बिट्टू कुमार और श्वेता चुने गए। बाद में नए सत्र के छात्र-छात्राओं ने अपना परिचय दिया। कार्यक्रम में बी.एड. विभाग के प्रोफेसर ग्लोरिया ग्रेस होरो, प्रो. अमित कुमार सिंह, अन्य विभागों के शिक्षक और 2023-25 सत्र के सभी प्रशिक्षु उपस्थित थे।

स्पीड न्यूज

## धनबाद रेलवे अंतर विभागीय फुटबॉल प्रतियोगिता

**धनबाद।** रेलवे स्टेडियम में खेले गए पहला सेमीफाइनल मैच में कैरेज एंड वैगन बनाम आरपीएफ के बीच मैच निर्धारित समय पर 2--2 गोल के बराबरी पर समाप्त हुआ। निर्धारित समय में कैरेज के सी एम झा ने दो गोल किए जबकि आरपीएफ के हर्ष कुमार व संजीव सिंह ने गोल किए। मैच का फैसला पेनल्टी शूटआउट (टाई ब्रेकर) द्वारा हुआ जिसमें कैरज एंड वैगन की टीम 2--1 से आरपीएफ टीम को पराजित किया। कैरेज के तरफ से लियाकत अली व विनोद कुमार पासवान ने गोल किया। आरपीएफ की और से अभनी कुमार ने गोल किया।दूसरा सेमीफाइनल में पर्सनल की टीम ने 3--0 से इलेक्ट्रिक ओपी टीम को पराजित कर फाइनल में प्रवेश किया। पर्सनल टीम से डिविजनल स्पोर्ट्स ऑफिसर अजीत कुमार ने एक गोल व लवदीप ने दो गोल किए।

# नवोदय विद्यालय में छात्रों की धुनाई

● पीटी टीचर ने खड़े होकर कक्षा 11वीं के छात्रों से 8वीं के छात्रों की करवाई पिटाई

## पीड़ित विद्यार्थियों के अभिभावक विद्यालय पहुंच जमकर किया बबाल, पहुंची पुलिस



खबर मन्त्र संवाददाता

**मैथन।** निरसा क्षेत्र के बेनागड़िया स्थित जवाहर नवोदय विद्यालय में गुरुवार की रात करीब 9 बजे से 12 बजे तक पीटी टीचर व सीनियर क्लास के छात्रों द्वारा जूनियर क्लास के कक्षा आठ में पढ़ रहे पियूष रजक (13 वर्ष), यश कुमार (14) को बुरी तरह से पिटाई करने का मामला सामने आया है। इस घटना के बाद बच्चों में डर का माहौल बना हुआ है। बच्चों ने जब अपने अभिभावकों को घटना की जानकारी दी, तो अभिभावकों ने शुक्रवार को विद्यालय पहुंचकर जमकर बबाल किया। प्राचार्य से दोषी बच्चों पर कारवाई एवं पीटी टीचर को निलंबित करने की मांग किया। अभिभावकों का कहना था कि स्कूल प्रशासन की अनदेखी एवं सीनियर क्लास के बच्चे के साथ पीटी टीचर की सांठ गांठ होने के कारण मारपीट की घटना हुई है। सीनियर क्लास के बच्चों ने आठवीं कक्षा में पढ़ रहे पियूष रजक, यश कुमार, केदारनाथ, अभय साव, नमन कुमार, गौतम कुमार, राज मुर्मू, रियाज अंसारी को कमरे में ले जाकर पिटाई किया गया। पीटी टीचर खुद खड़े रहकर पियूष रजक, यश कुमार को सीनियर बच्चों से पिटवाया, इतना ही नहीं पीटी टीचर शिवम निशांत खुद गाली गलौज देते हुए बच्चों को पिटाई किया। पिटाई करने से पियूष रजक को उल्टी आने लगी, परंतु न शिक्षक को दया आई और न ही सीनियर क्लास के बच्चे को दया आई। बच्चों के गर्दन, हाथ एवं गाल में चोट के निशान साफ दिखाई दे रहे है।अभिभावकों ने आरोप लगाया कि स्कूल प्रशासन को घटना की जानकारी है, फिर भी वे मामले को रफा-दफा करने में लगे हुए हैं। इधर पीड़ित पियूष रजक, यश कुमार का कहना है कि गुरुवार रात को खराब पड़े हुए ट्यूबलाइट टूट गया, जिसको लेकर 11वीं क्लास के अभिमन्यु और स्मिथ हमलोगों को मारने लगे, फिर गौरव नाम के छात्र ने दोनों से कहा कि पीटी सर बुला रहे है, वहां जाने के बाद सीनियर क्लास के बच्चे के रूम ले जाकर सीनियर एवं पीटी सर मारने लगे एवं गंदा गाली देने लगे। कक्षा 10 के छात्र ने आकर बीच बचाव किया। इसके बाद हमलोग हाउस आ गए और अपने अपने अभिवावकों को जानकारी दी। घटना को लेकर अभिभावकों में आक्रोश देखा जा रहा है। सूचना मिलते ही निरसा पुलिस भी विद्यालय पहुंची, लेकिन पुलिस के सामने सीनियर एवं जूनियर क्लास के बच्चों के अभिभावकों के बीच हाथापाई शुरू हो गई। सीनियर क्लास के बच्चें काफी उग्र दिख रहे थे। बच्चों के बीच कोई डिसिप्लिन नहीं दिख रहा था। यहां तक कि कुछ शिक्षक एवं शिक्षिका भी अनुशासन हीनता का परिचय देते दिखे।

### पहले भी इस तरह के कई मामले सामने आ चुके है

30 अगस्त 2023 की रात को सीनियर छात्र द्वारा जूनियर क्लास के छात्रों को शराब की बोतल पकड़ाए हुए वीडियो बना कर शारीरिक एवं मानसिक रूप से प्रताड़ित करने का मामला सामने आ चुका है। इस घटना में प्राचार्य सीके ठाकुर द्वारा सीनियर क्लास के बच्चो को 11 दिनों के निलंबित कर दिया था।

## वाहन के धक्के से सड़क पार कर रहा बच्चा घायल



खबर मन्त्र संवाददाता

**जामताड़ा।** नारायणपुर थाना क्षेत्र के मिरगा गांव के समीप हुई सड़क दुर्घटना में एक बच्चा गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना शुक्रवार सुबह करीब 10 बजे की बताई जा रही है। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार नारायणपुर थाना क्षेत्र के मिरगा निवासी राहुल हेंब्रम के पुत्र विकास हेंब्रम(12 वर्ष) अपने घर से निकल कर जानवर चराने के लिए पैदल गोबिन्दपुर साहेबगंज मुख्य सड़क मार्ग को पार कर रहे थे। तभी अचानक करमदहा की ओर से आ रहे एक तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने उसे धक्का मारकर फरार हो गया। जिसमें इस सड़क दुर्घटना में उक्त बच्चा सड़क मार्ग पर गिर कर गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद घायल बच्चे को घटनास्थल से उठाकर इलाज कराने के लिए धनबाद भेजने के बाद आक्रोशित ग्रामीणों ने गोबिन्दपुर साहेबगंज मुख्य सड़क मार्ग को मिरगा गांव के समीप जाम कर दिया। घटना के बाद इसकी सूचना पाकर नारायणपुर थाना प्रभारी चंदन तिवारी एवं सीआई निरंजन मिश्र सदल-बल के साथ घटनास्थल पर पहुंच कर लोगों को समझा-बुझाकर कर करीब आधे घंटे के बाद सड़क जाम को हटा दिया।

# कानूनी रूप से सशक्त बनाने के लिए डालसा प्रतिबद्ध

## ऑन स्पॉट ट्राई साईकिल, कृत्रिम पैर, वृद्धा, दिव्यांग पेंशन का हुआ वितरण

● झरिया अंचल पहुंचा चलंत लोक अदालत



खबर मन्त्र संवाददाता

**धनबाद ।** झारखंड विधिक सेवा प्राधिकार के निर्देश पर न्याय आपके द्वार कार्यक्रम के तहत शुक्रवार को चलंत लोक अदालत झरिया अंचल के बीआरसी भवन पहुंचा। मौके पर अवर न्यायाधीश राकेश रोशन द्वारा ट्राई साईकिल, कृतिम पैर, दिव्यांगता पेंशन, वृद्धा पेंशन, विधवा पेंशन, लेबर कार्ड का वितरण किया गया साथ ही जमीन की दाखिल खारिज से संबंधित मामलों का आवेदन लिया गया । समस्याओं का मौके पर समाधान किया गया। एलएडीसीएस के , सहायक कांउसिल सुमन पाठक द्वारा विभिन्न सरकारी योजनाओं की जानकारी दी गई ।इस मौके पर डालसा सहायक , अरूण कुमार,राजेश सिंह, डिपेंटी गुप्ता, हेमराज चौहान, अनामिका सिंह समेत दर्जनों लोग उपस्थित थे। मौके पर लोगों को संबोधित करते हुए न्यायाधीश श्री रोशन ने कहा कि उपेक्षित वर्गों तक न्याय की पहुंच को सुगम बनाने में जिला विधिक सेवा प्राधिकार लगातार काम कर रही है और इसी उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए जिला विधिक सेवा प्राधिकार के चेयरमैन सह प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश राम शर्मा के निर्देश पर चलंत लोक अदालत जनता तक पहुंच रही है और उनके घर पर जाकर समस्याओं को सुन रही है मौके पर समाधान का प्रयास कर रही है। वहीं झरिया सीओ राम सुमन प्रसाद ने कहा कि भारत का संविधान या सुनिश्चित करता है कि कोई भी व्यक्ति आर्थिक या अन्य अक्षमताओं के कारण न्याय से वंचित न रह सके इसी उद्देश्य से हम आपके बीच जस्टिस ऑन व्हील के माध्यम से आए हैं । न्यायाधीश श्री रोशन ने बताया कि न्याय आपके द्वार कार्यक्रम के तहत आज चालंत लोक अदालत 24 वें दिन झरिया पहुंचा जहां से आज 70 लोगों से मईया सम्मान योजना , 22, आवेदन बिजली बिल माफी से संबंधित, मुख्य मंत्री पशुधन विकास योजना के 10 प्राप्त हुए हैं जिसका निष्पादन कर दिया गया वहीं पांच महिलाओं का गोदभराई रश्म , तथा पांच नवजात शिशुओं का मुंहजुठी रश्म किया गया।

## ओपन किक बॉक्सिंग में शामिल फिटनेस सेंटर के विजेता सम्मानित

खबर मन्त्र संवाददाता

**सिंदरी।** के के पोलिटेक्निक गोविंदपुर में 21 व 22 सितंबर को आयोजित दो दिवसीय झारखंड ओपन स्टेट किकबॉक्सिंग चैम्पियनशिप में बीआईटी सिंदरी कैंपस फिटनेस सेंटर के प्रतिभागियों ने अपनी बेहतरीन स्पर्धा का परिचय दिया। इसकी जानकारी देते हुए सेंटर संचालक अमन कुमार ठाकुर ने सभी विजेताओं को शुभकामना दी है।एक्स एम ए के कोच सेनसई शंभूनाथ महतो ने बताया कि इस प्रतियोगिता में सिंदरी के चार प्रतिभागियों ने छः स्वर्ण पदक, दो दो प्रतिभागियों ने रजत पदक और कांस्य पदक हासिल किया है। इनमें स्वर्ण पदक विजेताओं में अद्विका सिंह, आरव महतो, अर्णव कुमार, रौनित कुमार, रजक पदक विजेताओं में रौनित कुमार, अनिर्वेद कुमार और दो कांस्य पदक प्राप्त करने वाले अर्जुन शामिल हैं। इसमें राज्य के 9 जिला राँची, रामगढ़, गढ़वा, सिंहभूम, गिरीडीह, गोड्डा, हजारीबाग, धनबाद, गुमला के 170 खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया था। उन्होंने बताया कि आरव कुमार गोयल, यशांक कुमार अग्रवाल, स्वास्तिक कुमार गुप्ता, अंशुमन कुमार पाणिग्रही ने भी प्रतियोगिता में हिस्सा लिया था।



### एक नजर में

## मैथन डैम पर चलाया स्वच्छता अभियान



**मैथन।** ईसीएल ने शुक्रवार को मैथन डैम के छठघाट के सूर्य मंदिर के समीप स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत स्वच्छता अभियान चलाया। कार्यक्रम में उद्घाटन मुख्य अतिथि के रूप में ईसीएल के निदेशक (वित्त एवं कार्मिक) मोहम्मद अंजार आलम एवं निदेशक (तकनीकी) नीलाद्रि रॉय ने स्वच्छता अभियान चला कर किया। कार्यक्रम में ईसीएल मुगमा एरिया के जीएम एसके चौधरी ने मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथियों का स्वागत किया। मौके पर श्री चौधरी ने कहा कि स्वच्छता मिशन और विश्व पर्यटन दिवस की थीम को ध्यान में रखते हुए झारखंड राज्य के प्रसिद्ध पर्यटक स्थल मैथन डैम में स्वच्छता अभियान चलाया गया। वहीं स्वच्छता अभियान के दौरान आदिवासी नृत्य टीम द्वारा संथाली लोक नृत्य प्रस्तुत कर कार्यक्रम में चार चांद लगा दिया। कार्यक्रम में ईसीएल मुख्यालय के विभिन्न विभागों के एचओडी, क्षेत्रीय महाप्रबंधकों, मुगमा क्षेत्र के सभी अभिकर्ता, एचओडी सहित अधिकारी व कर्मचारी शामिल थे।

## लोन मेला में 56 लाभुकों को आवास निर्माण के लिए मिला ऋण



**धनबाद।** प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत शहर के बाबूडीह में बन रहे मल्टीस्टोरेज बिल्डिंग के लाभुकों के लिए नगर निगम ने शुक्रवार को बाबूडीह विवाह भवन में लोन मेला का आयोजन किया। जिसमें कुल 56 लाभुकों को 1.57 करोड़ 71 हजार रुपये के लोन की स्वीकृति प्रदान की गई। नगर आयुक्त रविराज शर्मा ने बताया कि हमलोग 320 मल्टीस्टोरिज बिल्डिंग बना रहे है। लाभुकों के अनुरोध पर ही इस मेले का आयोजन किया गया है। आज पंजाब नेशनल बैंक की ओर से 5 तथा कैनरा बैंक की ओर से 51 लाभुकों के लोन कि स्वीकृति प्रदान की गई है। कुछ लाभुक पेपर पूरा नहीं किये थे तथा कुछ बारिश कि वजह से मेले में नहीं आ सके।

## प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष को किया सम्मानित

**मैथन।** कांग्रेस नेता सुधांशु शेखर झा के नेतृत्व में आदिवासी ग्रामीण प्रतिनिधिमंडल ने झारखंड प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश से रांची में मुलाकात कर उन्हें अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया। श्री झा ने क्षेत्र के ताजा राजनैतिक हालात पर उनसे चर्चा की तथा लिखित प्रतिवेदन सर्मपित किया। श्री झा ने विश्वास जताया कि झारखंड मे प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश के नेतृत्व का भरपूर लाभ मिलेगा।

## बुधन मंडल हत्याकांड से पति का कोई संबंध नहीं : मेनका सिंह

खबर मन्त्र संवाददाता

**धनबाद।** धनबाद नगर निगम के पूर्व पार्क की पत्नी मेनका सिंह ने आरोप किया जा की धनसार थाना क्षेत्र में बुधन मंडल की हुई हत्या के मामले में उनके पति अमरेंद्र सिंह उर्फ गुड्डू को बेवजह फंसाया गया है। वार्ड 33 के निवर्तमान पार्षद की पत्नी ने बताया कि बुधन मंडल को अज्ञात अपराधियों द्वारा गोली मार दी गई थी। जिसकी इलाज के दौरान मौत हो गई थी। जिसमें मेरे पति अमरेंद्र सिंह और गुड्डू सिंह तथा देवर अभिषेक सिंह उर्फ ढोलक सिंह एवं अन्य दो को आरोपी बनाया गया है। उन्होंने बताया कि पुलिस ने बिना जांच किए मेरे देवर अभिषेक सिंह को गिरफ्तार का जेल भेज दिया है। देवर ढोलक सिंह संध्या 7:00 बजे के आसपास घर में प्रवेश कर गए थे। तथा मेरे पति अमरेंद्र सिंह अपने क्षेत्र में विभिन्न कार्यक्रम में हिस्सा लेने के बाद रात 9:00 बजे के आसपास घर में प्रवेश कर गए थे। जो की मृत्यु पूर्व बयान के अनुसार घटनास्थल के पास उनके मौजूदगी साबित नही करता है। जिसकी जांच पुलिस प्रशासन घर के आस-पास में लगे सीसीटीवी कैमरे की फुटेज से कर सकते हैं। वही मेनका सिंह ने यह भी कहा कि कोयला के अवैध व्यापार के कारण क्षेत्र में इनकी दुश्मनी कई से है परंतु राजनीतिक संरक्षण को लेकर इस मामले में मेरे पति और देवर को फसाया जा रहा है। जिसकी निष्पक्ष जांच होनी चाहिए।

### ग्रामीणों ने एमपीएल का ट्रांसपोर्टिंग किया ठप

**मैथन।** भाजपा नेता मन्नू तिवारी के नेतृत्व में ग्रामीणों ने शुक्रवार को मुआवजे की मांग को लेकर शव को सिंदरी मोड़ के समीप सड़क पर रख एमपीएल का ट्रांसपोर्टिंग ठप कर विरोध प्रदर्शन किया। ग्रामीणों का कहना था कि जब तक मृतक के परिजन को मुआवजा नहीं मिल जाता तब तक हमलोग एमपीएल का ट्रांसपोर्टिंग ठप रखेंगे। बताते चले की गुरुवार की देर रात जीटी रोड गोविंदपुर ऊपर बाजार के समीप एक सड़क दुर्घटना में हाइवा चालक सतीश यादव की मौत घटनास्थल पर ही हो गई थी। मृतक निरसा खटाल का रहने वाला था। आज सुबह शव के साथ ग्रामीण धरना पर बैठ गए। जब एम पी एल प्रबंधन की तरफ से कोई पहल नही हुई तो ग्रामीणों ने इसकी सूचना सांसद ढुल्लू महतो को दी।

# सिंदरी थाना में शांति समिति की बैठक

खबर मन्त्र संवाददाता

**सिंदरी।** सिंदरी थाना क्षेत्र में शांतिपूर्ण ढंग से शारदीय नवरात्र, दुर्गा पूजा और रावण दहन महोत्सव को लेकर शांति समिति की बैठक थाना परिसर में शुक्रवार को की गई। बैठक की अध्यक्षता कर रहे थाना प्रभारी संजय कुमार ने बताया कि डीजे पर पूरी तरह प्रतिबंध रहेगा। बैठक में सिंदरी थाना क्षेत्र के 18 लाइसेंसधारी दुगार्पूजा समितियों ने उपस्थिति दर्ज कराकर अपने सुझाव दिए। प्रभारी ने बताया कि पंडालों में सीसीटीवी कैमरे, अग्निशमन, वाहनों के ठहराव के साथ सीसीटीवी कैमरे, मूर्ति विसर्जन का रुट, पंडाल समितियों के सदस्यों को बैच लगाना अनिवार्य है। सोशल मीडिया पर अफवाह फैलाने की सूचना स्थानीय प्रशासन को देने सूचना भी दी गई। बैठक में शामिल सदस्यों ने बिजली, सड़क, शराब पीने वालों पर प्रतिबंध सहित अन्य सुझाव दिए। बैठक में हर्ल, एसीसी, एफसीआई, नगर निगम के अधिकारी नदारद दिखाई दिए।

शांति समिति की बैठक में एसआई सतीश महतो, एसआई गौतम राय सहित पुलिस पदाधिकारी, दिनेश सिंह, शैलेन्द्र द्विवेदी, प्रशांत दुबे, सुरेश प्रसाद, पवन ओझा, बृजेश सिंह, गुरुचरण सिंह, अजय कुमार, विदेशी सिंह, रंजीत सिंह, पवन शर्मा, प्रकाश कुमार, अरविंद पाठक, बिरेन्द्र राय, सतीश सिंह, रंजना शर्मा, सुषमा श्रीवास्तव सहित सिंदरी के गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।



संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
स्वामित्व वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड)834006 से मुद्रित एवं लुबी सर्कुलर रोड, धनबाद 826001 से प्रकाशित।
संपादक
अविनाश ठाकुर
स्थानीय संपादकः ज्ञानवर्द्धन मिश्र *
फोन : 9431124480
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No. ( आवेदित )
* पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

# निर्यात संवर्द्धन पर राष्ट्रीय संगोष्ठी : एक्सपोर्ट के विविध आयामों पर हुई खुली चर्चा




खबर मन्त्र संवाददाता

**धनबाद।** भारत सरकार के एमएसएमई मंत्रालय, शाखा एमएसएमई-विकास कार्यालय द्वारा खरीद एवं विपणन सहायता योजना (पीएमएस योजना) के तहत निर्यात संवर्द्धन पर एक दिवसीय राष्ट्रीय स्तर की संगोष्ठी (नेशनल सेमिनार) का आयोजन शुक्रवार को स्टेशन रोड स्थित रेलवे ऑडिटोरियम में किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि विधायक राज सिन्हा, विशिष्ट अतिथि श्री राजेन्द्र प्रसाद, महाप्रबंधक, जिला उद्योग केन्द्र, धनबाद एवं श्री इंद्रजीत यादव, आई.ई.डी.एस., संयुक्त निदेशक एवं कार्यालय प्रमुख के द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम के संयोजक दीपक कुमार, सहायक निदेशक, शाखा एमएसएमई-विकास कार्यालय, धनबाद ने उद्घाटन सत्र में मुख्य अतिथि एवं सभी गणमान्य अतिथियों का स्वागत किया। एमएसएमई-विकास कार्यालय, राँची से आए श्री इंद्रजीत यादव, आई.ई.डी.एस., संयुक्त निदेशक एवं कार्यालय प्रमुख ने बताया कि कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य भारत सरकार के एमएसएमई मंत्रालय द्वारा एमएसएमई इकाईयों को राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय बाजार में नवीनतम चलन, निर्यात संवर्द्धन, निर्यात की प्रक्रिया, निर्यात संबंधित दस्तावेजीकरण इत्यादि के बारे में वृहद रुप से जानकारी देना एवं जागरुक करना है।उन्होंने संगोष्ठी में शामिल रहे सभी प्रतिभागी उद्यमियों से फेडरेशन ऑफ इंडियन एक्सपोर्ट ऑगेर्नाइजेशन 'फियो' के कोलकाता एवं डाक निर्यात केंद्र, धनबाद से आए विविध विशेषज्ञों के अनुभव का लाभ लेने की अपील की जिससे वे अपने उत्पादों का निर्यात विदेशों में कर सकें एवं अपने उद्यमों का विकास सुनिश्चित कर सकें। विशिष्ट अतिथि राजेन्द्र प्रसाद, महाप्रबंधक, जिला उद्योग केन्द्र, धनबाद ने उद्घाटन सत्र में कहा कि धनबाद जिले के कई सूक्ष्म एवं लघु उद्यमी जो निर्यात से जुड़े हैं परंतु अपने उत्पादों का निर्यात एक्सपोर्ट एजेंसियों के माध्यम से कर रहे हैं, ऐसे उद्यमियों को इस कार्यक्रम से निश्चित रूप से बहुत फायदा होगा। उन्होंने कहा कि इससे प्रतिभागी उद्यमी अपने उत्पादों का सीधे निर्यात कर पाने में सक्षम होंगे तथा इससे धनबाद जिले के उद्योगों का विकास होगा। जो सामुहिक रूप से झारखंड एवं देश के समग्र विकास में सहयोग करेगा। उन्होंने उद्यमियों को झारखंड सरकार की ओर से हर संभव सहायता प्रदान करने का आश्वासन भी दिया। मुख्य अतिथि विधायक राज सिन्हा ने कहा कि भारत सरकार की ओर से एमएसएमई के विकास के लिए विविध योजनाएं चलाई जा रही हैं। उन्होंने कहा कि धनबाद जिले एवं आसपास के जिलों के प्रतिभागी उद्यमियों को अपने उत्पादों का सीधे निर्यात करने में मदद मिल पाएगी। उन्होंने कहा कि एमएसएमई उद्यम हमारे देश की अर्थव्यवस्था में महत्वपूर्ण योगदान करते हैं। एमएसएमई उद्यमियों के विकास के लिए उत्पादों के निर्यात से संबंधित विषय का चयन प्रशंसनीय है एवं इसमें ज्यादा से ज्यादा कार्यशाला एवं प्रशिक्षण सत्र चलाए जाने की आवश्यकता है जिससे निर्यात पर जागरूकता को बढ़ावा मिल सके।

### व्यापारियों को दी निर्यात संवर्द्धन, निर्यात प्रक्रिया की जानकारी

फेडरेशन ऑफ इंडियन एक्सपोर्ट ऑगेर्नाइजेशन 'फियो' के कोलकाता स्थित कार्यालय के वरीय अधिकारी श्रीमती जुईन चौधरी, सहायक निदेशक ने प्रतिभागी उद्यमियों को निर्यात संवर्द्धन, निर्यात की प्रक्रिया, निर्यात संबंधित दस्तावेजीकरण इत्यादि के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। डाक घर निर्यात केंद्र, धनबाद सर्कल के श्री उत्तम कुमार सिंह, वरिष्ठ डाक अधीक्षक ने अपना अनुभव एवं कौशल सूक्ष्म लघु एवं मध्यम उद्यमियों के साथ साझा किया एवं डाक घर निर्यात केंद्र की गतिविधियों एवं निर्यात को बढ़ाने में उनकी भूमिका के बारे में विस्तृत चर्चा की। सुश्री दीपमाला लकड़ा, क्षेत्रीय प्रमुख, यूनियन बैंक ऑफ इंडिया, धनबाद ने एमएसएमई उद्यमियों के लिए निर्यात संवर्द्धन हेतु उपलब्ध ऋण एवं वित्तीय सुविधाओं पर विस्तृत प्रेजेंटेशन दिया। उन्होंने बैंकों द्वारा क्रेडिट गारंटी कवर स्कीम (सीजीटीएमएसई) के तहत दिए जाने वाले कोलैटरल फ्री लोन के प्रावधानों के बारे में विस्तृत जानकारी दी। कार्यक्रम के दौरान कई उद्यमियों ने उनसे सीधे वातार्लाप करके सीजीटीएमएसई के बारे में जानकारी प्राप्त की।

